




# दैनिक सांध्य प्रकाश




वर्ष 52/ अंक 173/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 30 जनवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in



सांध्यप्रकाश विशेष

## Dancing towards $ 5 Trillion Economy is doable only if it adopts Holistic Beat



**Aruna Sharma**
Practitioner Development Economist and ex Sec GoI

The Indian economy seems to have lost its way before realizing its full potential. Multiple commentators have acknowledged that the twenty-first century will be an Indian century, but the country is currently facing one of the worst economic crises since independence. Key macroeconomic indicators such as GDP growth, employment, and industrial output are pointing towards a deep-rooted malice in the economy. The situation warrants a paradigm shift in policy making that will entail evolving a “holistic approach to policy making by breaking multiple silos”. Unfortunately, the attempts to revive economic growth rely on patchworks, not on a systemic thought process.At the centre of the crisis is a slowdown in demand and investment that has affected the economy’s ability to create jobs. The trade tension between the US and China was seen as an opportunity for India to become a global manufacturing hub as it was expected to attract multinational firms that were looking to get out of China. But the crisis saw smaller countries such as Vietnam and Bangladesh making the most of the opportunities. It is widely accepted that India needs a course correction to realize its huge potential to become a global economic powerhouse.The Indian economy is going through one of the most difficult phases in the post-Liberalization era. Economic growth in the first quarter of this financial year (2019-20) has slipped to a six-year low of 5%. After the corona virus impact, it is expected to slip around 2.5-5%. The manufacturing sector expanded by just 0.6%, while agriculture grew 2% and construction 5%. The inflation-adjusted GDP growth has slipped to 6.8% in 2018-19 from 7.2% in the previous year. (National Accounts Dataset Portal+ IMF Data) Corporate results in each of the quarters reflect a slowdown in profit growth across all sectors, limiting the industry’s capacity to modernize or expand.The slowdown is reflecting on job creation, too. Unemployment hit a four-decade high of 6.1% in 2017-18. The data showed that 7.8% of all employable urban youth were jobless, while the figure for rural India was 5.3%. Meanwhile, the working-age population—those above the age of 15—are expanding by 13 million a month. India needs to create 18.6 million jobs a year to ensure that the demographic dividend is not frittered away. Just to stay at the current unemployment levels, the economy will have to generate 8.1 million jobs a year, but the numbers are not very encouraging.We have 1.34 billion populations with 65% being young (under 30years of age) and we boast of advantage of being young. But these populations if not well skilled, have job /earning opportunities and good health care will become a liability. So the first challenge is how to ensure these youth becomes a strong asset to build the nation. The current decade has been a disappointing one in terms of employment creation. India needs to create sustainable job opportunities for 18.6 million people every year to reap the benefits of the demographic dividend. The World Bank estimates that the country needs to create 8.1 million jobs a year to sustain the current employment rate. The slowdown is affecting creation of jobs with unemployment hitting a four-decade high of 6.1% in 2017-18. The NSSO data shows that 7.8% of all employable urban youth and 5.3% of all rural youth were jobless. Meanwhile, the country's working age population (those above 15 years of age) is expanding by 13 million a month. The agriculture sector, growing at -0.1%, is unable to absorb a large chunk of the workforce like it used to earlier.The recent Q3 GDP growth is 4.5%, 6th consecutive quarter showing down turn, and lowest in last 26 quarters. The decline is since year 2018 four quarters 8.7 to 6.6 to 5.8 to 5 and now to that of 4.5. (Some debate by old way of calculation it will be 2.5) It clearly flags that the complete holistic blue print scenario is not clear to the manufacturers or the citizens. The other factors that validate the status is dip in construction, electricity consumption, manufacturing, mining etc. Much has been debated on the cause in terms of disturbances due to Demonetization, massive cleanup in banking sector and GST resulting to added compliance cost in credit squeeze to the needy including NBFC. Here the focus is can going back to drawing board and work on way forward by untangling the threads to cut silos and have paradigm shift to holistic approach to policy making. The symptoms and the impact is visible and dip in auto sales, FMCG (Fast moving consumer goods) does not generate optimism in coming two quarters as well. The impact of reducing the corporate tax has been to do better debt servicing, the handholding to the real estate sector and bring down REPO rate in isolation will not trigger the growth what is needed is a complete paradigm shift to the holistic system based sectored approach.India cannot afford to lose opportunity againFor any nation to grow on sound footing to continue to be developing economy is strong GDP growth, ideally for India a double digit growth, to trigger manufacturing, research and quality services. Today with decline GDP it is matter of concern.




- शेष पेज 6 पर





# आज होगा खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आगाज

### ● मुख्यमंत्री ने कलाकारों, गायकों संग किया पौधारोपण

**भोपाल।** हिंदुस्तान का दिल सोमवार से अगले 13 दिन तक खूब धड़केगा। देश भर के खिलाड़ी जमकर अपना दम भरेंगे। खेल जगत के उभरते सितारे अपनी चमक बिखरेंगे। हार-जीत के साथ नए कीर्तिमान भी रचे जाएंगे। मध्य प्रदेश अपनी मेहमाननबाजी से समूचे भारत का दिल जीतेगा। यह होगा युवा खेल महाकुंभ में। खेलो इंडिया-2022 का शुभारंभ आज राजा भोज की नगरी भोपाल समेत मध्यप्रदेश के आठ शहरों में होने जा रहा है।

इसके कार्यक्रम के लिए बालीवुड के सिंगर शान, नीति मोहन, दक्षिण भारत के मशहूर ड्रमर शिवामणि समेत तमाम कलाकार भोपाल पहुंच चुके हैं। सोमवार सुबह सीएम शिवराज ने स्मार्ट सिटी पार्क पहुंचकर इन कलाकारों के साथ पौधारोपण किया। इस दौरान प्रदेश की खेल व युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे भी मौजूद थीं। इस अवसर पर सीएम शिवराज ने कहा कि आज खेलो इंडिया यूथ गेम्स का कुंभ मध्य प्रदेश में शुरू हो रहा है। इन खेलों के उद्घाटन को यादगार बनाने के लिए आज हमारे साथ शान, शिवमणि और नीति मोहन हैं। मैं उनका आभारी हूं कि उन्होंने पेड़ लगाकर अच्छा संदेश भी दिया है।

गौरतलब है कि मुख्य कार्यक्रम भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में शाम सात बजे रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ होगा। इस गौरवमयी आयोजन के लिए राजधानी सज-धजकर तैयार हो चुकी है। स्टेडियम समेत बड़ा तालाब, वीआइपी रोड और अन्य मुख्य स्थानों पर विशेष साज-सज्जा की गई है।

वहीं अन्य सात शहरों इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, मंडला, बालाघाट और खरगोन में खेलो इंडिया की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बता दें कि इससे पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स दिल्ली, पुणे, गुवाहाटी और पंचकुला में आयोजित हो चुके हैं। पहली बार इस आयोजन की मेजबानी का मौका मध्य प्रदेश को मिला है।



### भोपाल में नौ खेल आयोजित होंगे

भोपाल में नौ प्रकार के खेल खेले जाएंगे, जबकि, इंदौर में छह, ग्वालियर में चार, जबलपुर में चार, उज्जैन और मंडला में दो-दो, बालाघाट और खरगोन में एक-एक खेल का आयोजन होगा। ट्रैक साइक्लिंग दिल्ली में होगी। तात्या टोपे स्टेडियम में दूधिया रोशनी में रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ खेलो इंडिया की शुरुआत होगी। शाम सात बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर इसका शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक, मप्र खेल एवं कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया, ओडिशा के स्पोर्ट्स एवं यूथ वेलफेयर मंत्री तुषारकांति बेहरा और अरुणाचल प्रदेश के खेल मंत्री मामा नटुंग शामिल होंगे।



# बजट सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इससे पहले मोदी सरकार ने सदन की कार्यवाही के सुचारू संचालन के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक अब से कुछ देर पहले शुरू हो चुकी है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी की ओर से बुलाई गई यह बैठक संसद भवन की एनेक्सी बिल्डिंग में हो रही है। इस बैठक में विपक्षी दल अपनी चिंताओं को और सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों को सरकार के सामने रख सकते हैं। सर्वदलीय बैठक के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सदन में नेताओं की बैठक भी होगी। यह बैठक 3 बजे होगी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी खुद करेंगे। बजट सत्र दो भागों में होगा। सत्र की शुरुआत संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी। राष्टपति के अभिभाषण के बाद हर साल की तरह ही आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। केंद्रीय बजट 2023-24 लोकसभा चुनाव से पहले अंतिम पूर्ण बजट हो सकता है क्योंकि अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं।





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का निधन आज ही के दिन 30 जनवरी 1948 को हुआ था। आज महात्मा गांधी 75वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर देश की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री सहित कई नेताओं ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



# राहुल ने श्रीनगर में तिरंगा फहराकर यात्रा खत्म की

**श्रीनगर।** राहुल गांधी ने सोमवार को श्रीनगर के कांग्रेस कार्यालय में तिरंगा फहराकर भारत जोड़ो यात्रा का समापन किया। यह 145 दिन पहले 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। राहुल कुछ देर में यहां के शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

यहां सुबह से भारी बर्फबारी हो रही है। इसके बाद भी कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं है। सुबह से कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखी गई। उधर, राहुल यहां भी अलग रंग में दिखे। उन्होंने बहन प्रियंका के साथ बर्फबारी का लुत्फ उठाया। दोनों एक-दूसरे पर बर्फ उछालते नजर आए।

## मंत्री की सास सरकारी खर्च पर तीर्थ दर्शन पर रवाना

### कांग्रेस के पूर्व विधायक बोले- जनता के पैसों का दुरुपयोग, मंत्री का जवाब- वे पात्र

**भोपाल।** तीर्थ दर्शन योजना शुरू होते ही इसमें गड़बड़ियां सामने आने लगीं। मुरैना में एसपी के पिता के तीर्थ दर्शन योजना के हितग्राही के तौर पर जाने का मामला सामने आने के बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। अब हरदा में भी तीर्थ दर्शन योजना को लेकर बवाल मचा हुआ है।



कांग्रेस के पूर्व विधायक रामकिशोर दोगने ने आरोप लगाया कि कृषि मंत्री कमल पटेल की सास और करीबी रिश्तेदार तीर्थ दर्शन योजना के हितग्राही के तौर पर सरकारी खर्चे पर यात्रा करने गए हैं। रेलवे स्टेशन पर मंत्री ने अपनी सास और बाकी यात्रियों को ट्रेन में बैठाकर रवाना किया।

मंत्री कमल पटेल आप जनता की सेवा के लिए चुने गए हैं। लेकिन, आप तो अपने परिवार के लोगों को तीर्थ यात्रा करा रहे हैं। एक एसपी के पिता तीर्थ यात्रा पर चले गए तो उन्हें सस्पेंड कर दिया। अब आपके साथ क्या कार्रवाई होनी चाहिए। मेरी सीएम से निवेदन है कि ऐसे मंत्री को हटा देना चाहिए, जो परिवार के सदस्यों को सरकारी खर्चे से तीर्थ यात्रा कराए। खुद ट्रेन पर छोड़ने जाएं, फोटो खिंचाएं। आप सिर्फ सरकार के पैसों का लाभ ले रहे हैं और भ्रष्टाचार कर रहे हैं। जनता के पैसों का दुरुपयोग न करें। जिस प्रकार एसपी के पिता पर कार्रवाई की, ऐसे ही इनके ऊपर भी कार्रवाई होनी चाहिए। दरअसल हरदा जिला प्रशासन ने तीर्थ दर्शन योजना के तहत हरदा जिले के 300 यात्रियों को तीर्थ यात्रा पर भेजा।

## बैन के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी पर बनी बीबीसी डॉक्यूमेंट्री इंडियाः द मोदी क्वेश्चन, पर लगा बैन हटाने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। याचिका एडवोकेट एमएल शर्मा ने लगाई है। इसमें कहा गया है कि जनता के मौलिक अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए डॉक्यूमेंट्री पर लगी रोक हटा दी जाए। याचिका सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच में तत्काल सुनवाई के लिए रखी गई, हालांकि सीजेआई ने इस याचिका पर सुनवाई के लिए 6 फरवरी का दिन तय किया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया और ऑनलाइन चैनलों पर डॉक्यूमेंट्री बैन कर दी है, लेकिन इसे देश भर के कई कॉलेज और यूनिवर्सिटी में दिखाया गया है।

जनहित याचिका में दावा किया गया है कि इंडियाः द मोदी क्वेश्चन नामक डॉक्यूमेंट्री में 2002 के गुजरात दंगों और उनमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की जांच की गई है। जब दंगे भड़के थे, तब पीएम मोदी, गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

## ग्वालियर मेले में कपड़ों की दुकानों में लगी आग

**ग्वालियर।** ग्वालियर मेले में सोमवार सुबह छत्री नंबर चार के पास कपड़ों की दुकानों में आग लग गई। आग शार्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है। आग लगने का पता चलते ही पहले दुकानदारों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद सूचना मिलते ही मेले में तैनात किया गया फायर अमला पहुंच गया और आग पर काबू पाया। आग से पांच दुकानें जलकर खाक हो गई। इन दुकानों में कंबल, हैंडलूम, स्टेशनरी सहित रेडीमेड गारमेंट की दुकानें थी।

बताया जाता है कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे एक कंबल की दुकान में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग इतनी तेजी से फैली की कि तुरंत ही आसपास की पांच दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिनमें तेजी से आग फैल गई। चूंकि सुबह का समय था इसलिए मेले में दुकानदार सभी मौजूद थे। सभी ने आग बुझाने का प्रयास करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही मेले में तैनात फायरब्रिगेड भी पहुंच गई और दमकल कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता। पांचों दुकानों का सामान जलकर खाक हो गया था।




# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

## गरीब वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओ को ओ.एस.आर शिक्षा के लिए करेगी मदद



**संत हिरदाराम नगर।** शिक्षा जगत के क्षेत्र में कार्य करने वाली ओ.एस.आर शिक्षा संस्थान द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। संत हिरदाराम नगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कमांडर डॉ. चंचल कुमार उपस्थित थे, बच्चों को पुरुस्कृत करते हुए लेफ्टिनेंट कमांडर डॉ. चंचल कुमार ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में इस उपलब्धि को देखकर बहुत खुशी हो रही है। संस्थान के सृजन की मेहनत साकार होते दिखाई दे रही है। इस मौके पर संस्थान के डायरेक्टर जीतेश पाहुजा ने बताया कि जो मेधावी छात्र धन की कमी के कारण आगे पढ़ाई नहीं कर पाते हैं उन बच्चों को हम अपनी संस्था के माध्यम से निशुल्क शिक्षा देते हैं। हमारी संस्था का यही उद्देश्य है कि हर गरीब से गरीब बच्चा शिक्षित हो, धन की कमी के कारण कोई भी बच्चा अशिक्षित ना रहे, आज इन सभी मेधावी छात्र-छात्राओ को सम्मानित करते हुए हम अपने आप गौरवान्वित महसूस कर रहे है। आगे भी गरीब वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के लिए हरसंभव सहायता की जाएगी।

# खेलो इंडिया में भाग ले रहे खिलाड़ियों के साथ सुनीं प्रधानमंत्री की मन की बात

## खेलो के माध्यम से अनुशासन और खेल भावना का विकास होता है-कुकरेजा




**संत हिरदाराम नगर।** खेलो इंडिया में भाग ले रहे खिलाड़ियों के साथ गुरुनानक मंडल ने खेल मैदान पर अभ्यास उपरांत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कश्मीर के सय्यादाबाद में विंटर गेम्स आयोजित किए गए। इन गेम्स की थीम्स थी- स्नो क्रिकेट।

आप सोच रहे होंगे कि स्नो क्रिकेट तो ज्यादा ही रोमांचक खेल होगा तो आप बिल्कुल ठीक सोच रहे हैं. कश्मीरी युवा बर्फ के बीच क्रिकेट को और भी अद्भुत बना देते हैं। इसके जरिए कश्मीर में ऐसे युवा खिलाड़ियों की तलाश भी होती है जो आगे चलकर टीम इंडिया के तौर पर खेलेंगे। ये भी एक तरह से खेलो इंडिया मूवमेंट का ही विस्तार है। इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने मन की बात में उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल के माध्यम से चुस्त शरीर, स्वस्थ मन, अनुशासन और खेल भावना के विकास से अपना और देश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवानदास ढालिया ने खेलो इंडिया के उद्देश्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह ठाकुर, अजय प्रजापति, सुनील नीलकंठ, प्रभात मालवीय, जितेंद्र डागौर आदि उपस्थित थे।

# महापौर ने वार्ड 31 में नर्मदा पाइप लाइन बिछाने के कार्य का किया शुभारंभ




**भोपाल।** महापौर मालती राय ने वार्ड क्र. 31 में नर्मदा जलप्रदाय परियोजना की पाईप लाईन बिछाने के कार्य हेतु भूमिपूजन किया। चक्की चैराहा पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती राय ने शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को कार्ड भी वितरित किए। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य आर.के.सिंह बघेल, जोन अध्यक्ष बृजुला सचान सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## वेलफेयर सोसायटी का वार्षिक मिलन समारोह हुआ

**भोपाल।** जय मां भवानी एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी का चतुर्थ वार्षिक मिलन समारोह धनवंतरी पार्क में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरिता प्रतुल मानकर सरपंच, येनखेड़ा जिला बैतूल एवं तुलसीराम मानकर तथा विषेश अतिथि अर्जुन डोंगरे, मालताबाई दवंडे, मुकता बाई दवंडे, भागरती बाई गलफट एवं सोसायटी अध्यक्ष कृष्णराव दवंडे,उपाध्यक्ष साहेबराव देशमुख, मुख्य संरक्षक संतोषराव डोंगरे, कोषाध्यक्ष टीकाराम खासदेव, सचिव गणेश गलफट,सहसचिव- दिनेश काले, सदस्य- देवराव खासदेव, देवानन्द मण्डलेकर, हेमन्त खासदेव, निकनेश देशमुख, उमराव डोंगरे, सुदामा डोंगरे, कृष्णा दवंडे , मनीष पाटनकर, सुरेश काले, गणपति सराटकर, रमेश काले, साहेबराव दवंडे, मुकेश दवंडे, गौरव मानकर, परिणीत देशमुख सहीत लगभग 200 सदस्य सम्मिलित हुए।

## पोषण ट्रेकर एप पर प्रविष्टि की समय - सीमा निर्धारित

**भोपाल ।** पोषण ट्रेकर एप में प्रविष्टि समय सीमा में सुनिश्चित कराने के निर्देश प्रसारित किए गए हैं। जीओआई द्वारा बीपीएल गेहूं, फोर्टीफाइड चावल, टीएचआर , एचसीएम आदि का बजट-अंश पोषण ट्रेकर एप की प्रविष्टियों के आधार पर ही राज्य को उपलब्ध कराया जाएगा । राज्य द्वारा जिलों को पोषण ट्रेकर एप की प्रविष्टियों के आधार पर स्ह्क्क आइसीडीएस, एनएनएम का बजट दिया जाएगा। क्क्ष में कम प्रविष्टि होने से जिलों को पर्याप्त गेहूं-चावल एवं आवंटन उपलब्ध नहीं हो सकेगा जिससे अत्यधिक जटिलताएं पैदा होंगी। पोषण ट्रेकर ऐप में प्रविष्टियों पर फोकस्ड एप्रोच की आवश्यकता है।

# सभी अधिकारी खेलो इंडिया में दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वाहन करें: कलेक्टर

**भोपाल ।** कलेक्टर अविनाश लवानिया ने जिले के सभी अधिकारियो को निर्देश दिए है की खेलो इंडिया के अंतर्गत सभी अधिकारी अपने सौंपे गए दायित्वों का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करे, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अनेक राज्यों के खिलाड़ी जिले में आ रहे है उनके लिए बेहतर तरीके से इंतजाम करे। जिले में अधिकारियो की स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, और कार्यक्रम स्थल पर कार्य भार दिया गया है। प्रदेश की बेहतर छवि प्रस्तुत हो इसके लिए सभी अधिकारी समय पर सभी खिलाड़ियों को सहायता, सुविधा भी उपलब्ध कराएं और आवश्यक जानकारी से भी अवगत कराए। जिले में 30 जनवरी से 11 फरवरी तक खेलो इंडिया का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि इन खेलो में एथेलेटिक्स, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, व्हालीबॉल, स्विमिंग, शूटिंग, केनोईंग/कयाकिंग और रोईंग खेलो का आयोजन भोपाल नगर की विभिन्न लोकेशन पर होगा। उन्होंने आयोजन को व्यवस्थित, उत्कृष्ट और भव्य रूप देने के लिए अधिकारियों की भी तैनाती की है। सभी स्टेशन ,बस स्टैंड, और अन्य जगहों पर हेल्प डेस्क के साथ डॉक्टर स्वस्थ कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है।

# भैसासुर गांव में खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन




**भोपाल।** आरसीसीपीएल प्रा. लिमिटेड, मैहर आईयू सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रमों की नवीनतम श्रृंखला में, कंपनी ने ग्रामीण स्कूली बच्चों के लिए एक खेल कार्यक्रम आयोजित किया। बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों की अहम भूमिका होती है, इसी को ध्यान में रखते हुए 11 जनवरी 2023 को राजकीय प्राथमिक विद्यालय भैसासुर में बच्चों के बीच अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इन स्कूलों में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को ज्ञान संगी पढ़ाई में मदद कर रहे हैं। कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं के लिए खो-खो, बोरी दौड़, चम्मच दौड़, जलेबी दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें 100 स्कूली बच्चों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सभी विजेता टीमों को ग्राम पंचायत पदाधिकारियों व स्कूल शिक्षकों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही उन सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया जो सभी प्रतियोगिताओं में अपनी जगह नहीं बना सके। गांव के सरपंच ने आयोजन का समर्थन किया और सीएसआर गतिविधियों के तहत आरसीसीपीएल द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की।

## नयी बीएमडब्ल्यू एक्स1 भारत में लॉन्च हुई

**भोपाल।** बीएमडब्ल्यू इंडिया ने आज देश में नयी बीएमडब्ल्यू एक्स1 स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी व्हीकल लॉन्च की। इस कार को पेट्रोल और डीजल, दोनों वैरिएंट्स में पेश किया गया है। देश में बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से निर्मित यह कार बीएमडब्ल्यू डीलरशिप नेटवर्क और शाप पर बुकिंग के लिए उपलब्ध है। बीएमडब्ल्यू एक्स1 ड्राइव 18कडस्पोर्ट (डीजल) की डिलिवरी मार्च से और बीएमडब्ल्यू एक्स1 ड्राइव जून से आरंभ होगी ।मजबूत अपीयरेंस और कार्यात्मक विलक्षणता के साथ नयी बीएमडब्ल्यू एक्स1में दैनिक शहरी ड्राइविंग की आजादी और शीयर ड्राइविंग प्लेज़र के आनंद, दोनों का समावेश है। पुराने मॉडल की तुलना में भीतर (इंटीरियर) की प्रगतिशील डिजाइन और परिष्कृत परिवेश तथा मानक उपकरणों का व्यापक चयन इसके उत्कृष्ट गुणों को रेखांकित करते हैं। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के प्रेसिडेंट विक्रम पावाह ने कहा कि, अपने सेगमेंट में आराम और लग्जरी के शानदार संयोजन की बदौलत बीएमडब्ल्यू एक्स1 बेस्ट-सेलर बनी हुई है।

# गरीबी से मुक्ति पाने का एक मात्र उपाय शिक्षा ही है: सिद्ध भाऊ

## मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में अभिप्रेरणा सत्र का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में कक्षा छठवीं के छात्रों हेतु अभिप्रेरक सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य छात्रों में नैतिक मूल्यों का रोपण करना रहा ताकि प्रत्येक छात्र संवेदनशील बनकर निरीह जीवों, दीन - दुखियों, माता-पिता, समाज एवं प्रकृति के प्रति अपने दायित्व की ओर जागरूक हो सके।

इस अवसर पर श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी ने छात्रों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि अपने दिन की शुरूआत निरीह मूक पशु-पक्षियों को दाना-पानी देने से करें क्योंकि हमारी तरह वे स्वयं दाने-पानी की व्यवस्था करने में समर्थ नहीं हैं। श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी ने आरती के महत्व पर और प्रकाश डालते हुए छात्रों को संबोधित किया कि संध्या आरती परिवार के सभी सदस्यों में धैर्य भर कर उन्हें दु:खों एवं दुर्घटनाओं से बचाकर परिवार में सकारात्मक ऊर्जा द्वारा प्रत्येक सदस्य को प्रफुल्लित मन प्रदान करती है। परिवार रूपी स्तम्भ को मजबूत करने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक सदस्य ईश्वर की उस सर्वोच्च सत्ता के प्रति आस्तिक होकर संध्या आरती सामूहिक रूप से करें ताकि परिवार में आत्मीयता का भाव सुदृढ़ हो सके, साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को परामर्श दिया कि वे आरती के समय अपनी दिन भर की गलतियों के लिए ईश्वर से क्षमा याचना अवश्य करें।

इसी क्रम में उन्होंने एक अनुशासित एवं विनम्रशील छात्र बनने के गुणों से परिचित कराते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में माता-पिता से ऊँची आवाज़ में बात न करें और न ही किसी भी वस्तु के लिए उनसे हठ करें क्योंकि माता-पिता सदैव बच्चों के हित-अहित का ध्यान रखते हुए ही उनकी जरूरतों के अनुसार उनकी इच्छाओं की पूर्ति करते हैं। साथ ही माँ को अपना 'बेस्ट-फ्रेंड' मान कर अपनी दिनचर्या साझा करें। 'भोजन जीवन का अनिवार्य अंग है' विषय पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी ने भोजन ग्रहण करने से पूर्व भोजन मंत्र का उच्चारण करने पर बल दिया क्योंकि भोजन मंत्र द्वारा किया गया आहार हमारे भीतर आत्मिक शांति एवं सदगुणों को विकसित करता है। साथ ही स्वास्थ रक्षा हेतु बाहर का खाना खाने से परहेज करें एवं शादी पार्टियों में बनाये भोजन के सेवन से बचें। अपने विचारों को परिष्कृत करने के लिए अच्छा साहित्य एवं समाचार-पत्र आवश्यक रूप से पढ़ें।




वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए उन्होंने प्रात: काल नियमित रूप से अध्ययन करने पर बल दिया जिसके परिणाम स्वरूप विद्यार्थियों को कठिन विषय भी सुगमता से कण्ठस्थ हो जाते हैं। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करें। इस अवसर पर श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी ने छात्रों को अभिप्रेरित करते हुए प्रणाम करने की विशिष्ट पंचांग शैली का परिचय दिया तथा इस पंचम भाव शैली के मनोवैज्ञानिक, वैज्ञानिक महत्व एवं प्रभाव से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने पंचांग शैली की पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों हाथों से बड़ों के चरणों को स्पर्श करना, घुटनों के बल बैठकर चरणों में झुकना, माथे को बड़ों के चरणों में लगाना, साष्टांग अर्थात संपूर्ण शरीर को झुकाकर चरण वंदन कर हम माता-पिता एवं वृद्धजनों का आशीष प्राप्त करें। इसी क्रम में उन्होंने राष्ट्र निर्माण के आधार स्तंभ लाल बहादुर शास्त्री, ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, अटल बिहारी बाजपेयी एवं वर्तमान प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि 'गरीबी से मुक्ति' पाने का एक ही उपाय है, अध्ययनशील होकर सत्संगति का चयन करना। इसी क्रम में उन्होंने मोदी जी द्वारा विद्यार्थियों से की जाने वाली 'परीक्षा-पर चर्चा' को गम्भीरता से सुनने हेतु अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्या श्रीमती आशा चंगलानी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कार का अर्थ है - स्वयं का शुद्धिकरण करना। उन्होंने लघु कथा के माध्यम से छात्रों को अभिप्रेरित करते हुए बुजुर्गों का सम्मान, सभी के प्रति प्रेम एवं दया भाव रखना, अच्छे विद्यार्थी बनने हेतु समय-सारणी के पालन की सलाह दी। इस शृंखला में श्रीमती मिनी नायर (कोआर्डिनेटर) ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानवीय गुणों से भरा विद्यार्थी ही श्रेष्ठ विद्यार्थी कहलाता है, अत: सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन में नियमित पशु-पक्षियों को दाना पानी देना, ईश्वर की पूजा करना, बड़ों की आज्ञा मानकर उनके चरण स्पर्श करना तथा अंकुरित अनाज का सेवन करना आदि जैसी अच्छी आदतें डालनी चाहिये। इस अवसर पर कक्षा छठवीं के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सक्रिय होकर सहभागिता की ओर बताए गए मूल्यों को दोहराया और उनको अपनाने का वादा किया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी ने छात्रों को आशीर्वाद स्वरूप पेन भेंट की। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय शिक्षिका श्रीमती कीर्ति राजपूत एवं आभार ज्ञापन छात्र पार्थ सोनगरा द्वारा किया गया।

# नाम, नमक और निशान का सम्मान करना ही अच्छे देशभक्त की पहचान: पारवानी

**संत हिरदाराम नगर।** परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी एवं उनके उत्तराधिकारी श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के आशीर्वाद से शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी एवं जीव सेवा संस्थान के तत्वाधान में संचालित विद्यालयों- मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल, विद्यासागर पब्लिक स्कूल, संत हिरदारम गर्ल्स कालेज, नेचुरोपैथी मेडीकल कालेज, संत हिरदाराम इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, चिल्डर्न्स होप गर्ल्स स्कूल, गांधीनगर एवं केवलराम चैनराइ पब्लिक स्कूल, करौंद में 74वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह से मनाया गया। अधिकतर स्थानों पर मुख्य अतिथि कर्नल नारायण पारवानी ने अपने कर कमलों से ध्वजारोहण सम्पन्न किया जिसमें संस्था उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी.साधवानी, संयुक्त सचिव के.एल.रामनानी, महेश भेजवानी, संस्था के अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबाणी, स्कूलों एवं कालेजों के प्राचार्यगण- श्रीमती आशा चंगलानी, अमृता मोटवानी, रेखा केवलानी, जयश्री मूर्ती, मिष्ठी वासवानी, मनोहर वासवानी, राजेश लालवानी, प्रिया जैन शर्मा, डॉ. डालिमा पारवानी, डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. आशीष ठाकुर तथा सभी विद्यालयों एवं कालेजों के शिक्षक-शिक्षिकाएँ व विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी ने अपने संप्रेषित संदेश में, संस्थान के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रप्रेम मानव हृदय की सर्वोत्कृष्ट भावना है।




ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात सभी विद्यालयों एवं कालेजों का संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम मिठी गोबिंदराम स्कूल में किया गया जिसमें एन.सी.सी. टीमों ने गार्ड हॉफ ऑनर एवं मार्च पास्ट सम्पन्न किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला में मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने पिरामिड निर्माण एवं मार्शल आर्ट की सुन्दर प्रस्तुतियों एवं नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने देश-भक्ति से ओतप्रोत नृत्य द्वारा दर्शाकों में देश-भक्ति के जज़्बे को तरंगित करने का अद्भुत प्रयास किया।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कर्नल नारायण पारवानी ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज बच्चों के बीच आकर उन्हें बेहद प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बने रहने का आह्वान किया। इसी क्रम में उन्होंने विद्यार्थियों को एक सैनिक की भाँति जीवन जीने हेतु मूलमंत्र दिए। जिस प्रकार एक सैनिक अनुशासन, ईमानदारी, निष्ठा, स्वस्थ रहना, प्रत्येक कार्य को सर्वश्रेष्ठ तरीके से करना जानता है, उसी प्रकार विद्यार्थी भी इन गुणों को अपने भीतर आत्मसात करें। आर्मी के सूक्ति वाक्य 'नाम, नमक, निशान' को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।

इस अवसर पर नवनिध एवं मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूलों में आयोजित विभिन्न इंटर हाउस प्रतियोगिताओं में विजेता टीम नवनिध के साधू वासवानी सदन (प्रथम) एवं डॉ. राधा कृष्णन सदन (द्वितीय) तथा मिठी के ग्रीन हाउस (प्रथम) एवं सेफरन हाउस (द्वितीय) को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी के साथ मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिताएँ 'होल्डिंग द बाल, लेमन एण्ड स्पून रेस, बलून ब्लास्टिंग, बेकवर्ड रेस, 50 मी. दौड़' तथा नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिताएँ 'हूला हूप, जूडो, योगा, खो-खो' के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के मास्टर्स प्रोग्राम 2023 में प्रवेश की घोषणा

**बेंगलूरु, एजेंसी।** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलूरु दो वर्षों के (एम. ए. एजुकेशन, एम.ए., डेवलपमेंट, एम.ए, इकॉनॉमिक्स) और एक साल के (ए.एल.एम., कानून और डेवलपमेंट) पूर्णकालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए नए और अनुभवी स्नातकों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में योगदान करने के इच्छुक सक्षम और प्रतिबद्ध पेशेवरों को विकसित करना है। आवेदन की आख़िरी तारीख़12 फरवरी, 2023, राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 12 मार्च, 2023, व्यक्तिगत साक्षात्कार अप्रैल-मई, 2023, प्रवेश प्रस्ताव मई, 2023 हैं । अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, भोपाल शैक्षणिक वर्ष जुलाई 2023 से प्रासंगिक अनुमोदन के पश्चात कार्य प्रारंभ करने की पूरी तैयारी कर चुका है, और यह भी इसी तरह के स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की पेशकश करेगा। कैंपस के पहले चरण का निर्माण-कार्य पूरा हो चुका है।

# आकृति ग्रीन सलैया में किया शिव रुद्राभिषेक का आयोजन



**भोपाल।** आकृति ग्रीन सलैया में शिव रुद्राभिषेक का आयोजन रविवार को किया गया। इस आयोजन में काका बोरडकर के सानिध्य में उज्जैन के पंडितों द्वारा शिव जी का रुद्राभिषेक किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पूजन किया। पूजन के बाद भंडारे का भी यहां आयोजन किया गया।

# रातीबड़ में श्री शिव शक्ति हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निकली भव्य कलश यात्रा



**भोपाल ।** ग्राम रातीबड़ में सोमवार को श्री शिव शक्ति हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा समारोह शतचंडी महायज्ञ एवं श्री बाल्मीकि राम कथा के प्रारंभ में ग्राम के प्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर निर्माण समिति स्व. श्री देवी प्रसाद राजोरिया जन उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष अजय राजोरिया ने बताया कि आज समिति के सदस्यों के सहयोग से सामाजिक बंधुओं ने शिव शक्ति हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा की स्थापना के लिए शतचंडी महायज्ञ एवं श्री बाल्मिक राम कथा का आयोजन 30 जनवरी से 5 फरवरी तक श्री खेड़ापति हनुमान धाम रातीबड़ में किया गया है। कथा का समय तो दोपहर 2 से 5 तक रहेगा। यहां प्रतिदिन कथावाचक यज्ञ चार्य आचार्य श्री राजेश जी रावत के श्री मुख से श्रवण किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा कलश यात्रा गणेश पूजन के साथ 251 कलशों के साथ में घोड़ा बग्गी बैंड बाजों के साथ गांव के मुख्य मार्गो से होती निकली ग्रामीणों ने आतिशबाजी चलाकर फूल बरसा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा मुख्य मार्गो से होती हुई कथा स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। कथा में भारी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश प्रेस क्लब और साधना प्लस का दो दिनी समारोह

# पहले दिन निकली तिरंगा स्केटिंग रैली

**भोपाल।** भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम का स्मरण करने के उद्येश्य से मध्यप्रदेश प्रेस क्लब और साधना प्लस न्यूज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिनी समारोह की शुरुआत आयोजन की शुरुवात 'तिरंगा स्केटिंग रैली' से हुई। टीटी नगर स्टेडियम से शुरु हुई इस रैली में नन्हे बच्चों से लेकर किशोर वय तक के बच्चे शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लिये देशभक्ति नारे लगाते बच्चे जब निकले तो सारा वातावरण देशभक्तिमयी हो गया।

टीटी नगर के नानके पेट्रोल पंप चौराहे से इस 'तिरंगा स्केटिंग रैली' को विधायक रामेश्वर शर्मा और पूर्व सांसद आलोक संजर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो लिंक रोड क्रमांक-2 से होती हुई बोर्ड ऑफिस चौराहे पर संपन्न हुई। जहां महापौर मालती राय और एमपी नगर पार्षद श्वेता त्यागी ने रैली की आगवानी की। रैली में अमर रोलर स्केटिंग और महर्षि संस्था के करीब 150 बच्चे शामिल रहे। इस अवसर पर महापौर मालती राय ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हाल ही में हमने गणतंत्र दिवस मनाया है और आज बच्चों ने इस देशभक्ति कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस तरह के आयोजन बच्चों में अपने देश और संविधान की रक्षा की भावना मजबूत होती है। उन्होंने मीडिया से जुड़ी संस्थाओं की ओर से इस तरह के आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में मप्र प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी,उपाध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, सचिव रश्मि अग्रवाल, साधना न्यूज़ चैनल हेड अरुण सक्सेना,स्टेट हैड गौरव शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक कनिका शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।





**एक शाम शहीदों के नाम आज:** समारोह का मुख्य चरण 'एक शाम शहीदों के नाम' 30 जनवरी शहीद दिवस पर शाम 5 बजे से शौर्य स्मारक में होगा। इसमें सेना, पुलिस और जेल विभाग के शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण घायल सैनिक के नाम से विख्यात ले. कर्नल मनोज कुमार सिन्हा होंगे। साथ ही संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा तथा महापौर मालती राय बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा करेंगे। कार्यक्रम में सेना के 8, पुलिस के 6 तथा जेल विभाग के एक शहीद परिवार को सम्मानित किया जाएगा।



मध्य प्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष माधव सिंह डावर ने आज पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर वन विकास निगम के एमडी एके पाटिल एवं कंपनी सचिव समीर माथुर के साथ ही कर्मचारी नेता अजय श्रीवास्तव नीलू एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



कांग्रेस ने आज महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजीव सिंह, विभा पटेल, संगीता शर्मा, संतोष कसाना आदि मौजूद रहे।

# एनएचएम से रिटायर्ड डॉक्टर की भर्ती करेगी सरकार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में डॉक्टर्स की कमी से प्रभावित होने वाली स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सरकार अब सेवानिवृत्त डॉक्टर्स की सेवाएं लेगी। सुविधाविहीन चिकित्सालयों में डॉक्टरों की भरपाई के लिए एनएचएम के माध्यम से डॉक्टर्स की भर्ती की जाएगी। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश के स्वास्थ सुविधा विहीन ग्रामों में शीघ्र ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की जाएगी। साथ में भवन भी बनाए जाएंगे। जो भवन बनाए जाएंगे उनमें डॉक्टरों को रहने के लिए निवास भी तैयार होंगे।

मंत्री चौधरी ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए यह बयान सागर में आयोजित विभाग के एक कार्यक्रम में दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य सुविधा विहीन ग्रामों में स्वास्थ्य केंद्र खोलने और जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी की पूर्ति के प्रयास में तेजी लाने का काम हो रहा है। इसीलिए सेवानिवृत्त डॉक्टरों की भर्ती राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से प्रारंभ की गई है। सागर में जिला चिकित्सालय परिसर में 7.50 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 100 बिस्तर के अतिरिक्त भवन के भूमि पूजन के दौरान मंत्री डॉ प्रभु राम ने कहा कि प्रदेश को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम हो रहे हैं। इसके लिए सेवानिवृत्त डाक्टरों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में हर बुधवार को आवेदन लिए जाते हैं जिससे कि जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी पूर्ति हो सके।

# समय सीमा में पूरे करें काम: संभागायुक्त

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा तीन फरवरी को विदिशा में आयोजित मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जाएगा। उपरोक्त आयोजन कृषि उपज मंडी मिर्जापुर में दोपहर डेढ़ बजे से शुरू होगा। भोपाल संभागायुक्त माल सिंह भयड़िया ने रविवार को विदिशा में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान कार्यक्रम के मद्देनजर किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। नवीन कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन-जिन अधिकारी, कर्मचारियों को जो-जो दायित्व सौंपे गए है उनका क्रियान्वयन समय सीमा में पूरा हो। इस कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षमा नहीं की जाएगी।

संभागायुक्त भयड़िया ने बैठक में कलेक्टर को निर्देश दिए है कि आयोजन स्थल पर हीं कम्प्यूटर विथ प्रिन्टर सहित रखने का कार्य किया जाए ताकि जिस भी किसी अधिकारी, कर्मचारी के द्वारा सौंपे गए कार्यो के क्रियान्वयन में कोताही बरती जाती है तो उसके खिलाफ मौके पर ही कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही के आदेश जारी किए जाएंगे। संभागायुक्तने कहा कि सम्पूर्ण आयोजन सुव्यवस्थित निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो इसके लिए हम सबको अपने-अपने कार्यो को पूर्ण ईमानदारी और सजगता से समय सीमा में करना होगा। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर एक लाख से अधिक नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है जिसमें महिलाओं की संख्या 75 प्रतिशत हो ऐसी व्यवस्थाएं क्रियान्वित करें। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्थाओं का सामना ना करना पडे का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने जिलेवार हितग्राहियों और आगंतुक गणमान्य नागरिकों के लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर बीमार और वृद्धजन ना पहुंचे की व्यवस्थाएं क्रियान्वित की जाएं।

# दांगी क्षत्रिय समाज ने राजकुमार धनोरा की गिरफ्तारी के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** दांगी क्षत्रिय समाज का चोला ओढ़कर अपने अपराधों और भ्रष्टाचार को छुपाने वाले 5000 के इनामी फरार आरोपी राजकुमार धनोरा की गिरफ्तारी को लेकर रविवार को हजारों की संख्या में दांगी क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर राजकुमार धनोरा की गिरफ्तारी की मांग की गई।



दांगी क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का दांगी क्षत्रिय समाज के सभी लोगों से मधुर संबंध है हर समाज से उनका पारिवारिक रिश्ता है यही कारण है कि वह लगातार भारी मतों से सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विजय हो रहे हैं ।

विगत कई दिनों से सोशल मीडिया एवं समाचार पत्र के माध्यम से ज्ञात हो रहा है कि भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित राजकुमार धनोरा जो कि दांगी क्षत्रिय समाज से आते हैं उनके द्वारा अपने सरपंच के कार्यकाल में करोड़ों रुपए के भारी भ्रष्टाचार किए गए जिसके कारण जांच के पश्चात उन पर शासकीय राशि का गमन एवं कूट रचित दस्तावेजों जैसे कई आरोप लगे तथा उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए जिस को छुपाने के लिए राजकुमार सिंह धनोरा मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न झूठी एवं बेबुनियाद आरोप लगाकर बदनाम करने का प्रयास कर रहा है कुछ समय पहले राजकुमार धनोरा ने अपने सगे रिश्तेदारों द्वारा आक्रोश बताकर गोविंद सिंह राजपूत के विरुद्ध झूठे ज्ञापन भी दिलवाए हैं हम सभी दांगी क्षत्रिय समाज के लोग इसका पुरजोर विरोध करते हैं ।दांगी क्षत्रिय समाज मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं उनके परिजनों से पारिवारिक रूप से 30 वर्षों से जुड़े हैं और मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के समर्थन में हमारी पूरी समाज मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर राजकुमार धानोरा के भ्रष्टाचार तथा अपराधिक मामलों में उनकी गिरफ्तारी की मांग करते हैं ज्ञापन में कहा गया कि राजकुमार धनोरा अपने भ्रष्टाचार को छुपाने एवं गिरफ्तारी से बचने के लिए दांगी क्षत्रिय समाज को कवच बनाकर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के विरुद्ध मिथ्या पूर्ण आरोप लगाकर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं हम सभी दांगी समाज के लोग इसकी घोर निंदा करते हैं साथ ही मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का समर्थन करते हुए कानून से फरार 5000 का इनामी आरोपी राजकुमार धनोरा की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हैं। ज्ञापन देने वालों में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरज सिंह ,वरिष्ठ भाजपा नेता साहब सिंह ,हरनाम सिंह ,शंकर सिंह, नर्मदा सिंह सरवन सिंह ,संतोष सिंह, देवेंद्र रघुवंशी ,भगवतशरण, अशोक सिंह ,छतर सिंह, मूरत सिंह ,राजा भैया, भूपेंद्र सिंह ,योगेश सिंह गोलू राम जी सिंह राजपूत ,हेमेश गौर सहित सुरखी विधानसभा क्षेत्र के हजारों दांगी क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर राजकुमार धनोरा की गिरफ्तारी की मांग की।

## एम्स में स्व. डॉ चिन्मय कामता मेमोरियल टेबल टेनिस टूर्नामेंट आयोजित

**भोपाल।** एम्स भोपाल के रेजिडेंट प्रतिनिधियों द्वारा दिनांक 28 जनवरी 2023 को आरडीए कक्ष, सरदार वल्लभ भाई पटेल मेडिकल कॉलेज भवन में स्वर्गीय डॉ. चिन्मय कामता मेमोरियल टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने किया। टूर्नामेंट का आयोजन डॉ दिव्यभूषण, डॉ देवेश, डॉ ऋषि, डॉ प्रिंस, डॉ सिबी ने किया। टूर्नामेंट का विभिन्न विभागों के रेजिडेंट्स और फैकल्टी ने आनंद लिया। कार्यपालक निदेशक ने डॉक्टरों के बीच नियमित खेल गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया क्योंकि खेलना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा हैं। उन्होंने इस आयोजन में शामिल सभी लोगों द्वारा की गई कड़ी मेहनत की सराहना की।

# जवाहर लाल नेहरू कैंसर अस्पताल में सेमिनार का आयोजन

**भोपाल।** जवाहर लाल नेहरू कैंसर अस्पताल, भोपाल के परिसर में ब्रेन कैंसर से संबंधित उच्च कोटि जानकारी एवं विशिष्ट चर्चा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया । इस आयोजन में देश के जाने-माने 32 ब्रेन कैंसर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किये एवं चिकित्सा पद्धति में हुए सुधारों पर अति ज्ञानवर्धक परिचर्चा में शामिल लगभग 200 प्रशिक्षकों का ज्ञान वर्धन किया । उद्घाटन समारोह में एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । दोनों संस्थान शिक्षण प्रशिक्षण और अनुसंधान में संयुक्त रूप से काम करने पर सहमत हुए ।



कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. डॉ अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक, एम्स, भोपाल के कर-कमलों द्वारा श्रीमती आशा जोशी अध्यक्षा, जवाहर लाल नेहरू कैंसर अस्पताल, दिव्या पराशर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जवाहर नेहरू कैंसर अस्पताल एवं डॉ गौतम कुमार शरण चिकित्सा निदेशक की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में वरिष्ठ विकिरण चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपने अनुभव एवं जीवन पद्धति से श्रोताओं का मार्गदर्शन किया । इसके अलावा ब्रेन कैंसर की जटिल समस्याओं पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किये । इस संबंध में विश्व-भर में हो रही कीमोथेरेपी शल्य चिकित्सा एवं विकिरण चिकित्सा में प्रगति के बारे में भी परिचर्चा आयोजित की गयी एवं इन प्रगतिशील उपायों का मध्यप्रदेश की जनता में व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से अमल में लाने के तरीकों के बारे में विचारों का आदान-प्रदान किया गया ।

# रेगिस्तान की खनकती आवाज़ के जादू में झूम उठे डिज़ाइन स्टूडेंट्स


## नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन में राजस्थानी लोक कलाकार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजस्थानी लोक कलाकर अपनी कला से दर्शकों को मोहित लेते हैं। ऐसा ही नज़ारा देखने को मिला नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन मध्यप्रदेश में जहाँ थार रेगिस्तान की सीमावर्ती गाँव के मांगणियार गायकों ने अपनी खनकती आवाज़ से समां बांधा। स्पिकमैके भोपाल चैप्टर द्वारा राजस्थानी लोक कलाकारों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मांगणियार थार मरुस्थल का मुस्लिम समुदाय है जो मूलत: सिंध के राजपूत हैं। ये वंशानुगत पेशेवर संगीतकारों का एक समूह है, जिनके संगीत को पीढ़ियों से अभिजात वर्ग द्वारा समर्थित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्ण भजन के बाद केसरिया बालम पधारो म्हारे देस प्रस्तुत किया। उसके बाद एक के बाद प्रसिद्ध गीत निम्बोड़ा और दमादम मस्त कलन्दर जैसे बेहद लोकप्रिय गीत पेश किए गए।



बीच-बीच में सांपों को पालने वाली जाति कालबेलिया की माया सपेरा और पूजा सपेरा ने प्रसिद्ध घूमर नृत्य किया। उन्होंने कई हांडियों को सिर पर रख कर ग़ज़ब के संतुलन से नृत्य किया और उलटे घूम कर मुँह से नृत्य उठाने का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आकर्षण रहा रसूल ख़ान की कड़ताल के साथ-साथ स्टूडेंट्स की ताली। आख़िर में दमा दम मस्त कलन्दर पर डिज़ाइन स्टूडेंट्स ने भी जम कर डांस किया। इस अवसर पर एन.आई.डी. के डायरेक्टर प्रो. धीरज कुमार ने कहा कि भविष्य में भी स्पिकमैके के सहयोग से नियमित कार्यक्रम किये जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन सिदाक और रिद्धि ने किया। एन आई डी की कल्चरल टीम प्रभारी फ़ैकल्टी नीतिका देवगन और स्टूडेंट्स आकांक्षा, अभिनव, निष्का, आइज़ैक, गगन और विवेक ने बैकड्रॉप डेकोरेशन से लेकर पूरे कार्यक्रम के दौरान सुचारू समन्वय किया।



गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



स म्पा द की य

# वायुसेना विमानों के साथ हादसे

शनिवार सुबह मध्य प्रदेश और राजस्थान सीमा पर हुए भारतीय वायुसेना के दो विमानों की दुर्घटना को सामान्य नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह इस तरह की पहली दुर्घटना नहीं है। इस दुर्घटना में दो पायलट तो किसी रह बच गए, लेकिन एक की मौत हो गई। चूंकि दोनों लड़ाकू विमानों सुखोई-30 और मिराज-2000 ने ग्वालियर एयरबेस से रूटीन ट्रेनिंग के लिए उड़ान भरी थी, दोनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का समय भी करीब-करीब समान है और दोनों विमानों का मलबा भी आसपास के ही इलाकों में गिरा है।

अधिक आशंका इसी बात की बताई जा रही है कि दोनों विमान हवा में ही एक दूसरे से टकरा गए होंगे। इन विमानों की क्षमता और पायलटों के प्रशिक्षण को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि इनका इस तरह टकराना कोई सामान्य बात नहीं है। कहने को मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। ऐसे में विस्तृत जांच की रिपोर्ट से ही यह साफ होगा कि उड़ान के दौरान दोनों में से किसी एक या दोनों विमानों में किसी तरह की तकनीकी गड़बड़ी हुई थी या इस हादसे की कोई और वजह थी। लेकिन ऐसे लड़ाकू विमानों का दुर्घटनाग्रस्त होना वायु सेना के लिए बड़ी क्षति है।

सुखोई-30 और मिराज-2000 दोनों ही बेहतरीन और सक्षम लड़ाकू विमानों में गिने जाते हैं। मिराज-2000 ने करगिल युद्ध ही नहीं, सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान भी अहम भूमिका निभाई थी। एक मिराज-2000 की कीमत करीब 167 करोड़ रुपये पड़ती है जबकि एक सुखोई विमान की कीमत 500 करोड़ रुपये से ज्यादा बैठती है। सुखोई-30 विमान एक बार में तीन हजार किलोमीटर तक की उड़ान भर सकता है और हवा में ही रिफ्यूलिंग करने के बाद यह 8 हजार किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। मगर इस तरह के हादसों में जो बहादुर पायलट, सैनिक और सैन्य अफसर शहीद होते हैं, उनकी कमी तो कभी पूरी ही नहीं हो पाती है। तमिलनाडु के कन्नूर में दिसंबर 2021 में हुए ऐसे ही एक हेलिकॉप्टर क्रैश में देश ने तत्कालीन सीडीएस जनरल बिपिन रावत को खो दिया था। उस दुर्घटना में उनके साथ ही 12 अन्य सैन्यकर्मी शहीद हुए थे।

लेकिन बहुत पहले से ही चला आ रहा ऐसी दुर्घटनाओं का सिलसिला उसके बाद भी जारी रहा है। जनवरी 2021 से ही देखें तो अब तक 10 दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें 23 सैन्यकर्मी अपनी जान गंवा चुके हैं। मिग विमानों की दुर्घटनाएं सबसे ज्यादा सामने आती रही हैं। वर्तमान में मिग विमानों को प्रयोग में कम ही लाया जा रहा है। अब ये सुखोई और मिराज विमानों की दुर्घटना सामने आई है। ये अत्याधुनिक लड़ाकू विमान हैं और इनका टकराना सामान्य नहीं माना जा सकता। एक तो विमानों की कीमत, उस पर इन विमानों को चलाने वाले पायलट सामान्य पायलट नहीं होते। ये वायुसेना के अधिकारी ही होते हैं। इनके प्रशिक्षण पर लाखों रुपए खर्च होते हैं। और इनकी जान की कीमत तो हम आंक ही नहीं सकते।

ऐसे में जान और माल की यह क्षति इतनी गंभीर है कि इन दुर्घटनाओं को हलके में नहीं लिया जा सकता। पहली नजर में ऐसा लगता है कि दुर्घटनाएं अक्सर कई तरह के संयोग का परिणाम होते हैं और उन पर अपना वश नहीं होता, लेकिन सचाई यही है कि कई तरह की तकनीकी गड़बड़ियां और मानवीय भूलें भी नियमित मरम्मत, प्रशिक्षण और ड्यूटी आवर्स के बेहतर प्रबंधन के जरिए टाली जा सकती हैं। इस हादसे के सभी पहलुओं की बारीक जांच से निकले तथ्यों की रोशनी में उपयुक्त कदम उठाना इस दिशा में पहला कारगर कदम हो सकता है। जांच के दौरान यह पता चलना आवश्यक होगा कि आखिर अचानक विमान आपस में कैसे टकरा जाते हैं, या फिर पहाड़ी क्षेत्रों में दुर्घटनाएं अधिक क्यों होती हैं। इनके लिए यदि किसी विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता हो, तो उसकी व्यवस्था की जाए। यदि असावधानी का मामला हो तो इसके लिए सावधानी बरती जाए। इन दुर्घटनाओं को रोका जाना बहुत ही जरूरी है।

Vallabh Bhawan Corridors 2 Central Vista

# मंत्रिमंडल फेरबदल के समीकरण

**सुरेश तिवारी**

फ़रवरी के दूसरे सप्ताह में शिवराज मंत्रिमंडल में फेरबदल होना अवश्यम्भावी है। लगता है अब इसमें कोई देरी नहीं होगी। क्योंकि, 25 फ़रवरी से मुख्यमंत्री की 'विकास यात्रा' निकालने की योजना है। लेकिन, अभी तक इस बारे में कोई बड़ी खबर सामने नहीं आई कि किसे मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा और हटने वालों की लिस्ट में किन मंत्रियों के नाम हैं। पर, सुरसुरी है कि यह फेरबदल गुजरात फार्मूले पर किया जाएगा। सीधे शब्दों में कहा जाए तो दागी मंत्रियों की छुट्टी की जाएगी। इसलिए कि सरकार एंटीइनकम्बेंसी को कम करना चाहती है।



अभी मंत्रिमंडल में 4 पोस्ट खाली हैं। अभी मंत्रिमंडल में 31 सदस्य हैं, इनकी संख्या 35 तक बढ़ाई जा सकती है। कहा जा रहा है कि 4 से 6 मंत्रियों को हटाया जा सकता है। ये वे मंत्री हैं, जिनका परफॉर्मेंस सर्वे में ठीक नहीं पाया गया। ऐसे 6 मंत्री हैं, जिन पर या तो कोई दाग लगा हैं या वे जनता में अलोकप्रिय हैं। इनमें 2 से 3 मंत्री सिंधिया समर्थक हैं। लेकिन, अभी उनके नाम सामने नहीं आए। कयास लगाए जा रहे हैं कि वे कौन है।

ये तय है कि विंध्य इलाके से दो नए चेहरों को लिया जा सकता है। क्योंकि, अभी वहां का प्रतिनिधित्व कम है। मालवा-निमाड़ से भी दो चेहरों को लेने के आसार हैं, साथ ही एक को मंत्रिमंडल से हटाया भी जा सकता है। सरकार किसी आदिवासी को भी शामिल करने के मूड में है, पर ऐसा कोई प्रभावशाली चेहरा नजर नहीं आ रहा जो वोटों का गणित साध सके।

### 'पठान' के बाद इतना सन्नाटा क्यों है!

शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' के रिलीज होने और उसके जबरदस्त हिट होने के बाद प्रदेश की भाजपा राजनीति में एकदम सन्नाटा है। 'पठान' के एक गाने पर हंगामा करने वाले आधा दर्जन नेता अब खामोश हैं। वे इतने चुप हैं कि उन्हें समझ नहीं आ रहा



है कि अब क्या बोलें! वास्तव में तो इन नेताओं की बोलती उसी दिन बंद हो गई थी, जब भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मुद्दे पर सख्त हिदायत दी थी, कि कुछ नेता फिल्मों को लेकर बहुत ज्यादा बोल रहे हैं और समझाने पर भी नहीं मान रहे। जबकि, यह राजनीति का विषय नहीं है!

यह इशारा जिस दिन किया गया, वे उसी दिन समझ गए थे कि इशारा किसकी तरफ किया गया। लेकिन, उनको समझाने और उनके समझने के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी बोले कि फिल्मों को लेकर बोलने से पहले सोचना चाहिए। क्योंकि, हर फिल्म सेंसर बोर्ड से गुजरकर ही परदे तक जाती है। उसमें से वे सारे आपत्तिजनक अंश हटा दिए जाते हैं, जिन्हें लेकर विवाद की आशंका होती है।

यदि वास्तव में ऐसा था, तो अनुराग ठाकुर को उसी समय यह बात करना थी, जब 'पठान' को लेकर विवाद शुरू हुआ था। मध्यप्रदेश से यह पूरे देश में फैला और अराजकता जैसी स्थिति बन गई थी। लेकिन, अब जबकि फिल्म इतनी ज्यादा हिट हो गई कि उसने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए, तो 'पठान' के बायकाट की मांग करने वाले और उसके एक गाने की भगवा ड्रेस पर आपत्ति उठाने वाले सब चुप हैं। अब तो एक भाजपा नेता लोगों को भी ज्ञान देने लगे हैं हमें फिल्मों पर आपत्ति क्यों नहीं उठाना चाहिए! लेकिन, जो होना था, वो तो हो चुका, फिल्म को निगेटिव पब्लिसिटी से इतनी पॉपुलरटी मिली कि उसकी सफलता का आंकड़ा रोज बढ़ रहा है।

### चुनाव से पहले निगम, मंडल के पद भरे जाएंगे

विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा चुनाव जीतने का कोई मौका नहीं चाहती। असंतुष्टों को साधने के लिए अगले दो महीने में खाली पड़े सभी निगम-मंडलों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाए जाने लगे हैं। मप्र राज्य वन विकास निगम, मप्र माटी कला बोर्ड और राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की नियुक्ति कर दी गई। जोबट से दो बार विधायक रहे माधवसिंह डाबर को वन विकास निगम का अध्यक्ष बना दिया।

रामदयाल प्रजापति को मप्र माटीकला बोर्ड का अध्यक्ष पद पर नवाजा गया। राज्य वन विकास निगम के उपाध्यक्ष पद पर सत्येन्द्र भूषण सिंह की नियुक्ति की गई। राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम का उपाध्यक्ष नंदराम कुशवाहा को बनाया गया है। अभी ये प्रक्रिया रुकी नहीं है। जो भी निगम, मंडल और बोर्ड खाली पड़े हैं, उनमें उन नेताओं को बैठाने की प्रक्रिया शुरू हो गई जो विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। इन नियुक्तियों में इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि जो नेता असंतुष्ट हैं, उन्हें संतुष्ट किया जाए और जिनको नवाजने से पार्टी को फ़ायदा हो उन्हें कुर्सी दी जाए।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल का विस्तार और फेरबदल फिलहाल टला

प्राप्त संकेतों के अनुसार केंद्रीय मंत्रिमंडल का विस्तार और फेरबदल फिलहाल टल गया है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री अभी इसमें किसी बदलाव के मूड में नहीं है। पूर्व में यह चर्चा जोरों से थी कि लोकसभा सत्र के पहले प्रधानमंत्री मंत्रिमंडल में फेरबदल करेंगे लेकिन लगता है अब इन कयासों को विराम लग गया है। सियासी गलियारों में यह भी चर्चा है कि कुछ दिनों बाद मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल हो सकता है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल का अगर विस्तार होता है तो क्या मध्य प्रदेश से कुछ नये चेहरे शामिल किए जा सकते हैं? इस तरह की चर्चा सत्ता के गलियारों के साथ मध्य प्रदेश भवन में भी सुनने को मिल रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में वर्तमान में चार मंत्री हैं – दो कैबिनेट तथा इतने ही राज्यमंत्री हैं। सूत्रों का कहना है दो – तीन नये चेहरे राज्य से शामिल किए जा सकते हैं। अब किसकी लाटरी लगेगी यह तो समय ही बताएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल का अगर विस्तार होता है तो क्या मध्य प्रदेश से कुछ नये चेहरे शामिल किए जा





सकते हैं? इस तरह की चर्चा सत्ता के गलियारों के साथ मध्य प्रदेश भवन में भी सुनने को मिल रही। केंद्रीय मंत्रिमंडल में वर्तमान में चार मंत्री हैं- दो कैबिनेट तथा इतने ही राज्यमंत्री हैं। सूत्रों का कहना है दो – तीन नये चेहरे राज्य से शामिल किए जा सकते हैं। अब किसकी लाटरी लगेगी यह तो समय ही बताएगा। मध्यप्रदेश को लेकर बताया गया है कि प्रह्लाद सिंह पटेल को पदोन्नत कर कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। रीति पाठक और राकेश सिंह के नाम की भी चर्चा है। कुलस्ते का नाम म प्र भाजपा अध्यक्ष के लिए चल रहा है ताकि आदिवासी वोट साधे जा सके। ऐसा होने पर वीडी शर्मा को केंद्र में संगठन अथवा सरकार मे शामिल किया जा सकता है।

### दिल्ली पुलिस मे व्यापक फेरबदल की संभावना

सत्ता के गलियारों में चल रही चर्चा के अनुसार दिल्ली पुलिस मे व्यापक फेरबदल की संभावना बताई जा रही है। सूत्रों का कहना है गणतंत्र दिवस समारोह के चलते फेरबदल रुका है। फरवरी के पहले सप्ताह में पुलिस प्रशासन में उलट फेर हो सकती है। बताया जाता है कि इस फेरबदल मे उपायुक्त से लेकर विशेष आयुक्त तक के आईपीएस अधिकारियों की नयी पदस्थापना हो सकती है। चूंकि दिल्ली का प्रशासन गृह मंत्रालय के अधीन है इसलिए आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादले का प्रस्ताव मंत्रालय से अनुमोदित होने के बाद उप राज्यपाल आदेश जारी करते हैं।

### वरिष्ठ आईपीएस को नहीं मिली पदोन्नति, पहुंचे कैट

भारतीय पुलिस सेवा के 1998 बैच के अधिकारी दिनाकरण ने पदोन्नति नहीं होने पर उसे चुनौती दी है और वे सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) चेन्नई में पहुंच गए हैं। कैट ने तमिलनाडु सरकार, भारत सरकार और यूपीएससी को नोटिस जारी किए हैं।

बताया गया है कि दिनाकरण 1998 बैच के सबसे वरिष्ठ अधिकारी हैं लेकिन उन्हें किसी पुराने मामले को लेकर प्रमोशन के 7 दिन पूर्व झार पीर दी गई और उनकी पदोन्नति को रोक दिया गया।उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ पुलिस विभाग में सेवा की है और उन्हें राज्य और केंद्र सरकार से उनकी मेरिटोरियस सेवा के लिए कई बार मेडल भी मिले हैं। बताया गया है कि जब वे चेन्नई में जॉइंट पुलिस कमिश्नर थे तब के किसी पुराने मामले को लेकर उनकी पदोन्नति रोकी गई है। हालांकि इस मामले में दिनाकरन ने कहा है कि उन्हें कभी भी इंक्वायरी के लिए नहीं बुलाया गया और उनके खिलाफ कोई मामला नहीं है। फिर भी सीबीआई द्वारा मार्च 2022 में दिए गए एक पत्र को लेकर उनके प्रमोशन को रोका गया है।

### 2016 बैच की टीना डाबी को कलेक्टर बनाए जाने पर सीनियर बेच के अफसरों में नाराजगी

राजस्थान से ब्यूरोक्रेसी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जाता है कि वहां पर जूनियर बैच के आईएएस को जिला कलेक्टर बनाए जाने पर सीनियर बेच के अफसरों में नाराजगी है। हालांकि यह अफसर खुलकर कुछ नहीं बोल रहे हैं। राजस्थान में कुछ दिनों पहले 2016 बैच की आईएएस टीना डाबी, अमित यादव और रविंद्र गोस्वामी को कलेक्टर बनाने के बाद 2015 बैच के कई अधिकारियों को कलेक्टर बनने का मौका नहीं मिला है।



इस बारे में बताया गया है कि 2015 और 2016 बैच के कुल 18 में से 8 आईएएस को ही जिले में कलेक्टर बनने का मौका मिला है बाकी 10 आईएएस अभी तक कलेक्टर बनने का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच पता चला है कि कुछ अफसरों ने अपनी बात सीएम अशोक गहलोत तक पहुंचाई है और यह उम्मीद जताई है कि अब जब भी तबादला सूची आएगी तो उन्हें भी जिले में कलेक्टर बनने का अवसर मिलेगा।

### कल रिटायर हो रहे हैं आईएएस अशोक शाह

महिला और बाल विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक शाह 31 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं। वे 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। ये वही अशोक शाह हैं जिन्होंने दो महीने पहले सार्वजनिक मंच पर मुख्यमंत्री की मौजूदगी में ऐसा विवादास्पद बयान दिया था, जिसकी भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के नेताओं ने धज्जी उड़ाई थी। उन्होंने कहा था कि मां बेटियों को स्तनपान नहीं कराती, बेटों को कराती हैं। इस वजह से लड़कियां मानसिक तौर पर लड़कों से कमजोर होती है। अपने इस बयान को उन्होंने कथित रिसर्च रिपोर्ट से जोड़ा। पर, कांग्रेस के मांगने पर भी वे उस रिपोर्ट को प्रस्तुत नहीं कर सके थे। उनसे माताओं से उनके अपमान पर माफी मांगने की भी मांग की गई थी। अशोक शाह के इस महिला विरोधी बयान पर उमा भारती, कुसुम महदेले, रंजना बघेल और इमरती देवी के अलावा विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने भी आलोचना की थी। वही अशोक शाह अब विदा हो रहे हैं। उनके रिटायरमेंट से 1991 बैच के कैलाश चंद्र गुप्ता अपर मुख्य सचिव बन जाएंगे।



# पाकिस्तान अदालत की शरण में

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत और पाकिस्तान के बीच अब ऐसे मामले पर विवाद उठ खड़ा हुआ है, जिसे सारी दुनिया के देश एक आदर्श संधि मानते रहे हैं। अब से 62 साल पहले जवाहरलाल नेहरु और अयूब खान के प्रयत्नों से सिंधु नदी के पानी को लेकर दोनों देशों के बीच सिंधु जल संधि हुई थी, उसका पालन कई युद्धों के दौरान भी होता रहा लेकिन भारत ने अब संधि के नियमों का हवाला देते हुए इसके प्रावधानों को बदलने की पहल की है। भारत ने पाकिस्तान को 90 दिन का नोटिस दिया है कि दोनों देश मिलकर अब संधि के मूलपाठ में संशोधन करें। संशोधन क्या-क्या हो सकते हैं, यह भारत सरकार ने अभी स्पष्ट नहीं किया है लेकिन जाहिर है कि वह ऐसे नियम अब बनाना चाहेगी कि जैसा तूल इस संधि ने अभी पकड़ा है, वैसा भविष्य में दोहराया न जाए। अभी भारत और पाकिस्तान के बीच जो विवाद चला है, वह इस बात पर है कि पाकिस्तान ने भारत की शिकायत हेग के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय को कर दी है और उससे आग्रह किया है कि दोनों के मतभेद पर वह अपना पंच फैसला दे या मध्यस्थता करे। मूल संधि के अनुसार किसी भी आपसी विवाद को लेकर अंतरराष्ट्रीय अदालत में जाना तीसरा विकल्प है। पहले दो विकल्प हैं- या तो सिंधु आयोग में जाना या फिर किसी तटस्थ मध्यस्थ की सहायता लेना। भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद छिड़ा, दो बांधों को लेकर, जो भारत बनवा रहा था। भारत उन नदियों पर, जिनका ज्यादातर पानी पाकिस्तान जाता है, दो बांध बनवा रहा है। किशनगंगा और रातले पनबिजली योजनाओं से पाकिस्तान अपने लिए बड़ा खतरा महसूस कर रहा है। ये दोनों पनबिजली परियोजनाएं झेलम और चिनाब नामक नदियों पर बन रही हैं। पाकिस्तान को डर है कि इन बांधों के जरिए पाकिस्तान को जानेवाले पानी को न केवल भारत रोकेगा बल्कि बांधों को अचानक खोलकर पाकिस्तान को बाढ़ में डुबाने की कोशिश भी करेगा। पाकिस्तान ने जब यह आपत्ति की तो सिंधु आयोग कोई फैसला नहीं कर सका। इस आयोग में दोनों देशों के अफसर शामिल हैं। तब पाकिस्तान ने पहल की कि कोई तीसरा तटस्थ व्यक्ति मध्यस्थता करे। पाकिस्तान की यह पहल सिंधु जल संधि के अनुकूल थी लेकिन 2015 में की गई इस पहल को अचानक 2016 में उसने वापस ले लिया। इसका कोई कारण भी उसने नहीं बताया। यह तो संधि की धारा 9 का उल्लंघन है। अब भारत की सहमति के बिना ही पाकिस्तान हेग के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की शरण में चला गया है। इसी से नाराज होकर भारत ने अब पाकिस्तान को 90 दिन का नोटिस दे दिया है लेकिन आश्चर्य है कि हमारे विदेश मंत्रालय ने हेग के न्यायाधीशों को अभी तक संधि के नियमों के इस उल्लंघन के बारे में क्यों नहीं बताया? बेहतर तो यह होगा कि भारत हेग न्यायालय की मध्यस्थता को ही अस्वीकार कर दे। हेग के न्यायाधीशों ने क्या सिंधु जल-संधि के नियमों को पढ़े बिना ही इस मामले पर विचार करना स्वीकार कर लिया है? विचित्र यह भी है कि एक तरफ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भारत से सीधा संवाद करने की बात कहते हैं और दूसरी तरफ संवाद की राह से भटककर वे अदालत की शरण में जा रहे हैं।

# सनातन धर्म और चमत्कार

**ओमप्रकाश श्रीवास्तव**



सनातन धर्म का आधार वेद हैं। वेद के अनुसार इस सृष्टि का आधार एकमेव ब्रह्म है। 'ब्रह्म' और उसकी शक्ति 'माया' के द्वारा सृष्टि का उद्भव होता है। ब्रह्म चेतन है जबकि सृष्टि जड़ है। सृष्टियों का उद्भव और विलीन होनें का खेल चलता रहता है परंतु ब्रह्म का अस्तित्व सदैव रहता है। सभी वैदिक दर्शन इस मूल सिद्धांत को मानते हैं परंतु उनमें इतना ही अंतर है कि वे ब्रह्म, माया, जीव और सृष्टि की व्याख्या अलग-अलग दृष्टिकोण से करते हैं। कोई दर्शन इसे पुरुष और प्रकृति कहता है, तो कोई आत्मा और अनात्मा, तो कोई सत् और असत।

हम सब भी सृष्टि के अंग हैं। इस प्रकार हमारा शरीर तो जड़ पंचमहाभूतों से बना है परंतु इसमें ब्रह्म का अंश 'आत्मा' के रूप में चेतना प्रदान कर रहा है इसलिए गति है, विचार है, अनुभव हैं। जैसे ही मृत्यु होती है, चेतना के अभाव में शरीर भी समाप्त होकर पंचतत्वों में मिल जाता है। जड़ सृष्टि से परे चेतनसत्ता का अनुभव करना और उसी में एकत्व प्राप्त कर लेना ही सनातन धर्म का लक्ष्य है।

सनातन धर्म ब्रह्म तक पहुँचने के साधन के रूप में जगत् की अनिवार्यता को स्वीकार करता है इसलिए धर्म के दो पहलू हैं भौतिक प्रगति (अभ्युदय) और आंतरिक प्रगति (निश्रेयश) यतोह्यभ्युदय नि:श्रेयस सिद्धिस धर्म:(वैशेषिक दर्शन)। एक के बिना दूसरा संभव नहीं है। सनातनधर्म का उद्देश्य संसार में सुखी, वैभवशाली जीवन जीते हुए ईश्वर को प्राप्त करना है। तुलसीदास जी ने कहा है – सुर दुर्लभ सुख करि जग माहीं। अंतकाल रघुपति पुर जाहीं। अभ्युदय भौतिक जगत् में होता है इसलिए इसमें प्रकृति के नियम काम करते हैं और निश्रेयश आंतरिक जगत् में होता है इसलिए इसमें अध्यात्म के नियम काम करते हैं। पूरी सृष्टि नियमबद्ध है, इसे वेदों में ऋत् कहा गया है। जैसे सूर्य का उदय और अस्त होना, जन्म के बाद मृत्यु होना, बीज का वृक्ष बनकर फिर बीज बनना आदि। इनका कोई अपवाद नहीं है। जब हम नियम जानते हैं तो यह परिवर्तन सामान्य लगते हैं परंतु जब नियमों से अनभिज्ञ होते हैं तो जो घटना तर्क और बुद्धि से समझ में नहीं आती उसे चमत्कार कहते हैं।

प्रकृति जड़ है इसलिए नियमों से चलती है और इनका कोई अपवाद नहीं होता। गुरुत्वाकर्षण के कारण वृक्ष से फल नीचे ही गिरेगा। यदि इसे ऊपर जाना है तो विपरीत बल की जरूरत पड़ेगी। इसका अपवाद नहीं हो सकता। इसलिए भौतिक जगत में कोई चमत्कार नहीं होता, सब के पीछे सुनिश्चित कारण होता है। जब तक भौतिक घटना के कारण की खोज नहीं की गई तब तक वह चमत्कार लगता है और कारण ज्ञात होते ही विज्ञान बन जाता है। बचपन की कहानी में बुढ़िया जादूगरनी जादुई आईने में सारी घटनाएँ देखती थी तब हमें चमत्कार लगता था अब वही हम मोबाइल में देख रहे हैं, अब वह सामान्य बात है। कभी इंसान का हवा में उड़ना कल्पना था अब हवाई जहाज तो चमत्कार नहीं लगते। अभी भी भौतिक संसार में कुछ चमत्कार लग रहा है तो या तो विज्ञान के उस नियम की खोज नहीं हुई या हम इतने मूढ़ हैं कि कुछ समझना ही नहीं चाहते।

दूसरी ओर, आंतरिक जगत् के भी नियम हैं। कर्म का सिद्धांत उनमें से एक है। जन्म-जन्मांतरों की यात्रा में किये गये कर्म और उनके फलस्वरूप निर्मित प्रारब्ध का फल मिलता रहता है। इस पिछली यात्रा को हम नहीं जानते इसलिए कभी-कभी यह भी चमत्कार प्रतीत होता है परंतु होता नियमबद्ध ही है। यह नियम ही अध्यात्म कहलाते हैं। जिस प्रकार गुरुत्वाकर्षण को जानकर उससे पार जाने वाले अंतरिक्ष यान बना लिए गए उसी प्रकार अध्यात्म के नियमों को जानकार उनका पालन करके जगत के पार ब्रह्म तक की यात्रा संभव हो जाती है। आंतरिक चेतन जगत हमारे जड़ शरीर में है इसलिए जड़ शरीर पर प्रकृति के और आंतरिक जगत में अध्यात्म के नियम लागू होते हैं। इस प्रकार हमारा जीवन इन दोनों नियमों के संयोग से चलता है।

तीसरी स्थिति और है, वह है ब्रह्म की इच्छा, जो सर्वोपरि है। वेद कहते हैं कि ब्रह्म ने इच्छा की और वह एक से अनेक रूपों में प्रकट हो गया एकोहम् बहुस्याम (छांदोग्य उपनिषद)। यह इच्छा क्यों की? इसका कोई कारण किसी को पता नहीं है। वेद भी इसमें अपनी अनभिज्ञता स्वीकार करते हैं। ब्रह्म की माया शक्ति इशारे मात्र से सृष्टि का निर्माण कर देती है – भृकुटि विलास जासु जग होई – उसके लिए जड़ जगत में चमत्कार करना खेल ही तो है। हमारी चेतना ब्रह्म का अंश है। वह जड़ नहीं है, इसलिए नियम तो हैं परंतु कभी-कभी कुछ अपवाद उस चेतनसत्ता की इच्छा से होते हैं। इसे ही तुलसीदास जी कहते हैं – उमा दारु जोषित की नाईं। सबहि नचावत राम गोसाईं। गीता में कृष्ण कहते हैं कि वह माया के द्वारा प्राणियों को यन्त्रचलित की तरह घुमाते हैं – भ्रमयन् सर्वभूतानां यन्त्रारूढानि मायया (गीता 18.61)। जब ऐसी घटना हमारे अनुकूल होती है तो उसे ईश्वर की कृपा कहते हैं और जब प्रतिकूल होती है तो उसे ईश्वर का कोप कहते हैं। इसका कोई कारण समझ में नहीं आता परंतु हो सकता है चेतना की ऊँचाइयों पर जाने पर इसका कारण जन्म-जन्मांतरों की यात्रा से निकल आए। तब तक तो यह ईश्वर की इच्छा ही है और हमारे लिए चमत्कार। परंतु ब्रह्म कोई निरंकुश तानाशाह नहीं है जो कुछ भी इच्छा करने लगे। सनातनधर्म, ब्रह्म को ज्ञानस्?वरूप मानता है। परम सत्य के ज्ञान का मार्ग सदैव बुद्धि, विवेक और श्रद्धा से होकर जाता है। इसलिए ज्ञानस्वरूप ईश्वर की इच्छा भी सत्य पर आधारित होती है भले ही हम उसे न जानें और चमत्कार मान लें।

इस प्रकार सनातनधर्म चमत्कारों को तीन दृष्टियों से देखता है भौतिक जगत में विज्ञान के रूप में, आंतरिक जगत में आध्यात्मिक नियमों के रूप में और सर्वोपरि ईश्वर की इच्छा के रूप में। भौतिक जगत के चमत्कार का अस्तित्व हमारी अज्ञानता और मूर्खता के कारण है। सांसारिक लोभ, मोह, स्वार्थ में आसक्त मनुष्य में वैराग्य और ईश्वर प्राप्ति की आकांक्षा पैदा होना क्या चमत्कार नहीं है? ऐसा चमत्कार आंतरिक जगत में तभी होता है जब पात्रता विकसित होती है और ऐसी पात्रता उपासना, तप, निष्?काम कर्म आदि के माध्यम से चित्तशुद्धि होने पर आती है। ईश्वरीय चमत्कार उस परम चेतना की इच्छा से होते हैं और इनके लिए ही हम सदैव ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। ऐसे चमत्कार को तुलसीदास जी 'कारन बिनु रघुनाथ कृपाला' और वेद ईश्?वर की 'अहैतुकी कृपा' कहते ह

जैसे गुरुत्वाकर्षण का नियम अंतरिक्ष में जाने वाली वस्तु को रोकने का प्रयास करता है इसी तरह प्रकृति भी अपने जाल से छूटकर परम चेतना की ओर यात्रा करने वाले साधक को तरह-तरह के विघ्न डालकर रोकती है। तुलसीदास जी कहते हैं कि जब आत्मानुभव की यात्रा होती है तो माया, रिद्धि-सिद्धि के माध्यम से प्रलोभन देती है – रिद्धि सिद्धि प्रेरइ बहु भाई। बुद्धिहि लोभ दिखावहिं आई।। साधक को कुछ सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं जिनसे उसे मान-सम्मान, प्रसिद्धि और ऐश्?वर्य प्राप्त होता है और वह इनमें उलझकर अपनी साधना से पतित होने के साथ-ही-साथ अन्य लोगों को चमत्कारों से प्रभावित कर सनातनधर्म के मार्ग से विमुख कर देता है। इसलिए सनातनधर्म में चमत्कार और सिद्धियों को निकृष्ट मानकर उनसे बचने की सलाह दी गई है।

जो विश्वास पर आधारित रिलीजन, मजहब, पंथ हैं वे चमत्कारों पर विश्वास करते हैं। पर सनातनधर्म तो बोध का धर्म है (बोध, तर्क और विज्ञान के ऊपर की अवस्था है, अंधविश्वास का तो प्रश्न ही नहीं है), चमत्?कार तो उसके मार्ग के कील-कंटक हैं जिन्हें हटाने के बाद ही आगे की यात्रा ही संभव होती है। गीता में भगवान् कहते हैं कि हम स्वयं ही अपने उत्थान-पतन के लिए जिम्मेदार हैं उद्धरेद् आत्मनात्मानम् आत्मानम् अवसादयेत् (गीता 6.5), ईश्?वर न पुण्?य देता है न पाप देता है – नादत्?ते कस्यचित् पापं न चैव सुकृतं विभु (गीता 5.15)। ऐसे हजारों संदेश सनातनधर्म के ग्रंथों में दिये गये हैं।

जड़ प्रकृति में चमत्कार नहीं होते इसलिए जोशीमठ की दरारों को कोई चमत्कार से नही भर सकता। वहाँ विज्ञान ही काम आएगा। शरीर स्थूल पंचतत्वों से मिलकर बना है जिसके तीन स्तर हैं – स्?थूल शरीर, शूक्?म शरीर और कारण शरीर। इसीमें चेतना का निवास है। शरीर की बीमारी का कारण स्थूल शरीर में हो सकता है और शूक्ष्म शरीर में भी। शूक्ष्म शरीर के कारण को ही आधुनिक भाषा में बीमारी का मनोवैज्ञानिक कारण कहते हैं। इस कारण को विचारों में परिवर्तन से ठीक किया जा सकता है, जैसा कि गीता में कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देकर किया। प्रकृति से बने शरीर की बीमारी को प्रकृति के नियम अर्थात् विज्ञान से ही ठीक किया जा सकता है। इसलिए तथाकथित चमत्कारी पुरुष भी चमत्?कार से सभी बीमारों को ठीक नहीं कर सकते वे भी इलाज के लिए अस्पताल बनाने की बात करते हैं।

सनातनधर्म चमत्कार पर आधारित नहीं है। यह बोध का धर्म है। इसलिए चमत्कार और अंधविश्वास का सनातन धर्म में कोई स्थान नहीं है। यह तर्क करना कि दूसरे रिलीजन, मजहब, पंथ चमत्?कार पर विश्?वास कर रहे हैं तो हम भी करेंगे, वैसा ही है जैसे एक आँख वाले पड़ोसी से आगे निकलने के लिए अपनी दोनों आँखें फोड़ लेना। हाँ, ईश्वर अवश्य चमत्कार कर सकता है परंतु उसके लिए किसी माध्यम की जरूरत नहीं है। इसके लिए ईश्वर के प्रति समर्पण, उपासना, प्रार्थना और प्रभु का निमित्?त बन जाने की साधना ही पर्याप्त है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## ओबैदुल्लागंज पुलिस ने गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार किया

ओबैदुल्लागंज । अवैध गतिविधियों जैसे सट्टा, जुआ अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की धर पकड़ हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विकाश कुमार शाहवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमृत मीणा द्वारा जिले में लगातार अवैध मादक पदार्थों के विक्रय एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर धरपकड हेतु निर्देश दिये गये है। निर्देशों के पालन में एसडीओपी औबेदुल्लागंज मलकीत सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप चौरसिया द्वारा लगातार मुखबिर तंत्र के माध्यम से सूचना एकत्रित कर मुखबिर की सूचना पर आरोपी राकेश कुचबंदिया पिता राजेश कुचबंदिया उम्र 43 वर्ष निवासी वार्ड नं. 11. अर्जुन नगर, औबेदुल्लागंज के कब्जे से अवैध 02 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा कीमती 20,000/- जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला जेल रायसेन दाखिल किया गया है। जिससे अवैध मादक पदार्थों का विक्रय परिवहन करने वाले आसामाजिक तत्वो पर भय का वातावरण बना है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी औबेदुल्लागंज निरीक्षक संदीप चौरसिया, उनि विमलेश राय, सउनि मोहम्मद सफीक, सउनि मनोज कुमार चौधरी, प्रआर. अभिषेक चौधरी, प्रआर. आदेश चौरे, प्रआर धनराज यादव, प्रआर माखन उइके, आर. सौरभ दौहरे, आर. भूरसिंह बारेला की सराहनीय भूमिका रही हैं।

## नगरपालिका परिषद सहित पूरे नगर में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

बैरसिया।। नगर में 74 वें गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जहा नगर के शासकीय अशासकीय भवनों पर आन, बान, शान से तिरंगा फहराया। वही नगरपालिका परिषद कार्यालय में नपा अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़, एसडीएम आदित्य कुमार जैन प्रभारी सीएमओ जाहिद अली सहित नपा स्टाफ के आलावा नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में नपा अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया तद उपरांत राष्ट्रगान उपरांत मिठाई वाट 74 वें गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास से मनाया। वही नगर के एसडीएम तहसीलदार कार्यालय, थाना, लोकनिर्माण विभाग, पीएचई , कृषि विभाग, कृषि उपज मंडी सहित सभी शासकीय अशासकीय भवनों पर ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

## योग्यता को मिला सम्मान, उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए त्रिपाठी

बैरसिया।। 74 वें गणतंत्र दिवस 2023 पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अफसर पुलिस जवानों का देहात पुलिस अधीक्षक किरण लता किरकेट्टा द्वारा सम्मान किया गया पुलिस अधीक्षक देहात कार्यालय भोपाल में पुलिस अधीक्षक देहात भोपाल द्वारा देहात नवगठित जिले में पिछले 1 वर्ष में सभी थानों में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जो सराहनीय कार्य किए गए हैं उसके लिए उन्हें बधाइयां दी गई और उनके उत्साहवर्धन हेतु उन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। इसी क्रम में बैरसिया पुलिस थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, सब इंस्पेक्टर साहब सिंह? इंग्ले, उप निरीक्षक दिलीप सिंह जसवाल, उप निरीक्षक चंपालाल चौधरी, आरक्षक नरोत्तम लोधी आरक्षक, गजराज सिंह लोधी को पुलिस अधीक्षक किरण लता किरकेट्टा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरीश त्रिपाठी ने बैरसिया थाने का प्रभार संभालते ही अपनी पूरी पुलिस टीम के साथ कानून व्यवस्था संभालने में बेहतरीन प्रदर्शन किया जिसके लिए पिछले कुछ दिनों पूर्व एक निजी अखबार ने त्रिपाठी को साहस प्रथम श्रेणी पुरस्कार से सम्मानित भी किया था नशा मुक्त बातावारण, अवैध गतिविधियों में शामिल असामाजिक तत्व प्रवृत्ति के गुंडे बदमाशों के कुख्यात इरादों को नाकाम कर शहर में अमन शांति का वातावरण स्थापित किया साथ ही कई नाबालिक बालक बालिकाओं के गुम होने पर तुरंत और अपनी सूझबूझ से कुछ को चंद घंटों और कुछ चंद दिनों में ढूंढ उनके परिजनों को सुपुर्द किया।

## उर्स ए ग़रीब नवाज़ के मौके पर छटी शरीफ का लंगर



खंडवा। रविवार को सुल्तानुल हिंद अता ए रसूल हिंदल वली सरकार ग़रीब नवाज़ मोईनुद्दीन चिश्ती हसन संजरी रहमतुल्लाहि अलैयह के 811 उर्स के मौके पर हज़रत मौलाना अबरार अहमद साहब क़ादरी की सरपरस्ती में सुन्नी गुलशन ए मोहम्मदी मस्जिद के पास गुलशन नगर में छ्टी शरीफ का लंगर ( भंडारा ) कसीर तादत में बनाया गया और ग़रीब नवाज से अक़ीदतमंद लोगों को खिलाया गमा इसी प्रोग्राम के बीच हज़रत खानशाहवली वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद का इस्तकबाल ( स्वागत ) साफा बाध कर किया गया । इस मौके पर मौलाना अबरार अहमद साहब क़ादरी, मौलाना इकरामुल हक़ साहब क़ादरी, हाफ़िज जुबैर क़ादरी, मौअज्जीन जुनैद क़ादरी, सुब्हानी साहब क़ादरी, मोहम्मद साजीद शुत्तारी, शकील बाबू जी, असलम भाई,पप्पू भाई टेंट वाले, रमजान मैकेनिक, जीशान क़ादरी, शोऐब खान, सलमान खान, सय्यद ताबीज समस्त मुस्लिम समाजजन

## पंधाना विधायक में माणिक्य स्मारक वाचनालय को लाख रुपये का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा



खंडवा। पंधाना विधायक राम दांगोरे खंडवा के माणिक्य स्मारक वाचनालय पहुंचे वहां पर उन्होंने विभिन्न परीक्षाओं की तैयारियां कर रहे युवाओं से भेंट की तथा उनसे संवाद किया । उन्होंने कहा कि यह 150 वर्षों पुरानी संस्था है, लेकिन इसका संचालन नवीन विचारों के साथ हो रहा है, जो कि अपने आप में बहुत ही प्रशंसा का विषय है । उन्होंने कहा कि वर्तमान में आने वाली नवीन पद्धति की पुस्तकों एवं पत्र-पत्रिकाओं हेतु मैं अपने विधायक निधि से एक लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान करूंगा इससे वे किताबें खरीदी जाए जो वर्तमान में काम आने वाली है और इसके लिए अध्ययन करने वाले बच्चों से भी उन किताबों के नाम लिए जाएं ऐसा अनुरोध किया । इस अवसर पर वाचनालय के अध्यक्ष दिनेश पालीवाल, सचिव भूपेंद्र सिंह चौहान, सदस्य जम्बू जैन, प्रेमांशु जैन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं वाचनालय के कर्मचारी गण उपस्थित थे ।

# जिला ग्रमीण कांग्रेस के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत ससुंद्रा से

**बैतूल** – अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर बैतूल जिला कांग्रेस (ग्रामीण) के अध्यक्ष हेमन्त वागद्रे ने भी हाथ से हाथ मिलाओ कार्यक्रम का जिले के विधानसभा आमला के ससुन्द्रा में शुरुआत करते हुए कहा कि वर्तमान में हर वर्ग का नागरिक परेशान हैं बेरोजगारी महंगाई एवं भ्रष्टाचार से आम परिवार का जीना दूभर हो गया हैं। किसानों को उनकी उपज के सही दाम एवं समय पर बिजली नही मिल रही हैं। वहीं युवा रोजगार की उम्मीद में परिक्षा के फार्म की फीस भर-भरकर परेशान हैं। नौकरी कही नहीं मिल रही है।

सात साल में गैस का सिलेंडर चार सौ रुपये से एक हजार रुपये के पार हो गया,मट्टीतेल एक सौ रुपये से पार हो गया वहीं कांग्रेस के 15 माह के शासन में मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली वृद्धा पेंशन में बढोत्तरी मुख्यमंत्री कन्यदान योजना की राशी बढ़ाकर 51 हजार कर दी एक लाख तक किसानों का कर्जा माफ किया परन्तु भाजपा व्दारा सरकार गिराने के कारण बाकी किसानों का कर्जा माफ नहीं हो सका यदि सरकार पूरे पांच साल रहती तो सभी किसानों का कर्जा माफ हो जाता था कांग्रेस नेता मनोज मालवे ने कहा कि प्रदेश में लगभग अठारह वर्ष से और केन्द्र में आठ वर्षो से भाजपा का शासन हैं इनके शासनकाल में प्रदेश और देश की जनता त्रस्त हो गयी हैं हर परिवार परेशान हैं महिलाओं को घर चलाने समस्याएं आ रही हैं । हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बीस हजार घोषणा की जो आज तक मूर्त रुप नहीं ले पायी। हम सब को एक साथ आ कर हाथ के साथ हाथ मिला कर इस दमनकारी सरकार को आने वाले समय में उखाड़ फेकना होगा जब ही क्षेत्र में हर हाथ को काम मिलेगा और खुशहाली आएगी।



ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज देशमुख ने कहा कि प्रदेश में कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाने के आने वाले चुनाव में हाथ के साथ हाथ मिलाकर कांग्रेस के साथ चलना है। हेमन्त पगारिया नपा आमला अध्यक्ष नितिन गाडरे करण लाल चंदेलकर ने कांग्रेस शासन मे जनहित की योजनाओं एवं भाजपा की अधूरी घोषणाओं को जनता के समक्ष रख कर दोनो सरकार के अन्तर को बताया।

कार्यक्रम सरफराज खान, प्रतीक देशमुख, राजू गायकी, रुप सिंह ठाकुर, करण कोसे, प्रदीप कोकाटे, हंसराज सूर्यवंशी, मनीष नागले, अंकित, शिवम, यशवंत हुड़े, दीपक मोरले, बाबू धोटे, साहब राव कोसे, बलवंत घोटे, विजय पारधी, प्रभाकर माथनकर, कांता प्रसाद सूर्यवंशी, सुदामा दनोदे, गोलू देशमुख, दिलीप देशमुख, बाबूराव देशमुख, बलदेव देशमुख, माधव राव फोटफोड़े, बलवंत घोटे, बाबूराव घोटे, देवेन्द्र माथनकर, सुनील हारोड़े, नीरज सोनी, संजय साहू, रामचंद्र खण्डाग्रे, जिनेन्द्र उघड़े, बलदेव देशमुख, परसराम धनोदे, राशी घोटे, जीवन उईके, परसराम घाकड़ सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## `पति ने कर दी पत्नी की हत्या आरोपी हेमराज गिरफ्तार..

बैतूल- मुलताई के नरखेड़ गांव में पति ने पत्नी की हत्या कर दी पुलिस ने हत्या के आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने बताया कि आरोपित हेमराज द्वारा दिनेश के घर से जाते ही अंदर से दरवाजा बंद कर कुंडी में रस्सी एवं सांकल लगा दी ताकि दरवाजा नही खुल सके। पुलिस द्वारा पहले दरवाजा खोलने का कहा गया तथा नही खुलने पर पुलिस दरवाजा तोडक़र अंदर पहुंची। एसआई उत्तम मस्तकार ने बताया कि आरोपित ने पत्नी के गले पर छह वार किए थे जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। आरोपित द्वारा पुलिस को हत्या का कारण पत्नी के चरित्र पर संदेह होना बताया जिससे दोनों के बीच हमेशा विवाद होते रहते थे। शनिवार दोपहर फिर विवाद हुआ जिस पर हेमराज ने गुस्से में आकर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी।

**पूर्व में पिता की हत्या के आरोप से बरी हो चुका है हेमराज:** नरखेड़ में पत्नी की नृशंस हत्या करने वाला हेमराज पर पूर्व में पिता ब्रज की हत्या के मामले में बरी हो चुका है। बताया जा रहा है कि पुलिस द्वारा वर्ष 2009 में पिता की हत्या के आरोप में हेमराज को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था जिसके बाद न्यायालय से उसे बाद में बरी कर दिया गया था। पुलिस के अनुसार उस समय नशे में धुत्त होकर पहले हेमराज ने भाई से विवाद किया जिसके बाद उस पर पिता की हत्या का आरोप लगा था।

### घर में अकेले थे दंपत्ती, दोनों पुत्र गए थे बाहर

आरोपित हेमराज द्वारा लगभग 35 वर्ष से साथ में रहने वाली पत्नी की हत्या कर दी गई लेकिन उसके चेहरे पर कोई मलाल नजर नही आ रहा था। घटना के समय उसके दोनों पुत्र घर से बाहर थे और दंपत्ति घर में अकेले थे ।इसी कारण विवाद में कोई बीच बचाव करने वाला नही था। हेमराज का एक पुत्र इंदौर में कार्यरत है जो फोन करके मां के हाल चाल पूछता रहता था। शनिवार भी छोटू ने मां का हाल चाल जानने के लिए ही फोन किया था जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ

## पत्रकार अपने अस्तित्व के आज विभिन्न मोर्चों पर संघर्ष कर रहा है - शरद जोशी



रतलाम। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के वार्षिक सदस्यता कार्ड वितरण समारोह में वरिष्ठ मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष शरद जोशी ने कहा कि पत्रकारों के विभिन्न समस्याओं के लिए संघर्ष करने वाला यही एक मात्र प्रतिनिधि संगठन है, जिसने पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को शासन स्तर पर स्वीकृत करवाया है और जो मांगे लंबित है उस पर 26 फरवरी को ओरछा में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में चर्चा की जाएगी और नया ज्ञापन तैयार किया जाएगा जो 1 मई मजदूर दिवस को मुख्यमंत्री के नाम दिया जाएगा। जिला ईकाई द्वारा रतलाम नगर के सदस्यों को गोल्डन टावर होटल में आयोजित कार्ड वितरण समारोह में उन्होंने कहा कि आज पत्रकार अपने अस्तित्व के लिए विभिन्न मोर्चों पर विशेषकर आर्थिक परिस्थितियों से जुझ रहा है, उसकी कई वाजिब मांगें एसी है जो शासन के समक्ष विचारधीन भी है जिसमें पत्रकार पंचायत, पत्रकार सुरक्षा कानून, रेलवे में अधीमान्य पत्रकारों को पूर्व के समान रियायत में छूट देने की मांग प्रमुख है।

इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष ऋषिकुमार शर्मा, संभागीय उपाध्यक्ष राजेश जैन, जिलाध्यक्ष भेरूलाल टाक सहित पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। सदस्यों को वर्ष 23 के सदस्यता कार्ड वितरित किए गए। वरिष्ठ पत्रकार गोविन्द उपाध्याय, हेमंत भट्ट, अजय शुक्ला, किशोर जोशी, विनोद संघवी, हीरेन्द्र परमार, उत्तम शर्मा, प्रवीण दीक्षित, धर्मेन्द्र सोलंकी, दुर्गेश पंवार, मुबारिक शैरानी, हरिदर्शन शर्मा, रवि सिसौदिया, विपिन त्रिवेदी, विमल कटारिया, नयन व्यास, देवेन्द्र लिम्बोदिया, गुरूजीत चांवला, इमरान खान, तोसिफ निजामी सहित अनेक सदस्य पत्रकार उपस्थित थे। आभार महासचिव दिनेश दवे ने माना।

## उमंग कार्यक्रम अन्तर्गत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस के लिए प्रशिक्षण का समापन हुआ

धार। उमंग कार्यक्रम अन्तर्गत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस के लिए प्रशिक्षण का समापन हुआ। उक्त कार्यक्रम 22 जनवरी से 25 जनवरी तक स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम का प्रशिक्षण जिले के शिक्षकों को दिया गया । इसका उद्देश्य है कि बच्चे अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहने के साथ मानसिक तनाव से भी मुक्त रहें। इसके लिए एएनएमटीसी सेन्टर सीएमएचओ कार्यालय में चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ था। सुबह 9 बजे से प्रशिक्षण शुरू होकर शाम 6 बजे तक दिया गया। इसका शुभारंभ सीएमएचओ डॉ.शिरीष रघुवंशी, एसी ट्राइबल श्रीमतीं सुप्रिया बिसेन ,एडीपीसी श्रीमतीं सरोज जैन,एपीसी भरत डोडियार ने किया।

स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के प्रशिक्षण नोडल प्रभारी श्री रमेशचन्द्र फूलमाली ने बताया कि इसमें जिले के सभी शासकीय और अनुदान प्राप्त स्कूलों के कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए जिले के शिक्षण संस्थानों से एक महिला और एक पुरुष शिक्षक को लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग और आयुष्मान उमंग स्कूल डेवलपमेंट के संयुक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षण दिया गया। डॉ रघुवंशी ने बताया कि प्रशिक्षण में राज्य स्तर के 8 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण श्री रमेशचंद्र फूलमाली,श्रीमतीं लता चौरसिया,श्री पवन भिडोदिया,श्रीमतीं साधना शर्मा,श्री दीपक सावदेकर ,श्रीमतीं तृप्ति यादव एवम श्री एनएस मौर्य के द्वरा दिया जायगा। इसके लिए 6 बैच 45-45 शिक्षकों के बनाए गए हैं। अभी दो बैच का प्रशिक्षण हुआ है प्रत्येक स्कूल के दो शिक्षकों को प्रशिक्षण के बाद स्कूलों में शिक्षक बच्चों को शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करेंगे। स्कूलों में दो छात्रों को चिन्हित कर उन्हें भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। कई गतिविधि कर स्वस्थ्य के प्रति बालक और बालिकाओं को जागरूक किया गया। स्कूल हेल्थ कार्यक्रम के साथ साथ बच्चों के होने वाले एनिमिया ओर अनीमिया के दुष्प्रभाव भी बताए गए, स्कूल शिक्षकों को नियमित आयरन की गोलियां बच्चों को खिलाने के कहा गया । मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि 4 दिवसीय प्रशिक्षण में वेलनेस ओर उमंग के साथ हमे अपने जीवन शैली में उमंग के साथ रहना चाहिए, ओर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए, प्रशिक्षण के उपरांत आप सभी को स्कूल में बच्चों को स्वस्थ के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। श्रीमती बिसेन ने बताया कि स्कूली किशोर अपने स्वास्थ्य और परीक्षा आदि के समय में तनाव में रहते है जो वह शिक्षकों के साथ भी कई बार नहीं बांटते तो अपने स्कूल के उन दो छात्रों से बाटेंगे, जिन्हें इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। एडीपीसी श्रीमतीं सरोज जैन ने बताया कि पाठयक्रम में भी स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस को शामिल किया गया है, इसकी पढ़ाई छात्र करेंगे साथ हु स्कूल हेल्थ कार्यक्रम को बढ़ावा देते हुए हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति कैसे जागरूक रहना है और स्वास्थ्य के प्रति क्या क्या ध्यान रखना है। जिला शिक्षा अधिकारी शर्मा द्वारा बताया गया कि व्यक्ति के जीवन मे स्वास्थ्य एवं शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, अच्छा स्वास्थ्य होगा तो अच्छी शिक्षा ले पाएंगे, हमे स्कूल हेल्थ उमंग कार्यकम को बेहतर तरीके से मैदानी स्तर तक ले जाना है साथ ही स्वास्थ्य के प्रति हमे स्कूलों में एक दो सेशन प्रतिदिन लेकर स्वस्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहिए डॉ नरेंद्र पवैया ने प्रजनन दर, एक स्वस्थ व्यक्ति को अपने जीवन में क्या क्या चीजे अपनाना चाहिए, तनाव मुक्त रहने के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सभी प्रशिक्षणार्थी पवैया के लिए गए सेशन से अच्छे से प्रभावित होकर । अंत मे प्रशिक्षार्थी द्वारा प्रशिक्षण का फीडबैक दिया गया।

### पं. बीपी दीक्षित स्मृति खेल महोत्सव आज से

छतरपुर। वीरांगना अवंतीबाई ग्रुप ऑफ कॉलेज के तत्वाधान में 30 जनवरी से पं. बीपी दीक्षित की स्मृति में शहर के वीरांगना अवंतीबाई स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। व्हीएव्ही ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा हर वर्ष पं. बीपी दीक्षित स्मृति अखिल भारतीय ब्हालीवाल टूर्नामेंट का आयोजन फरवरी माह में किया जाता था लेकिन इस वर्ष बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह के चलते मैदान उपलब्ध न होने के कारण ब्हॉलीवाल टूर्नामेंट स्थगित किया गया है।वीरांगना अवंतीबाई ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर अशोक दीक्षित ने बताया कि अगले वर्ष अखिल भारतीय बालीवाल टूर्नामेंट गरिमामय तरीके से संपन्न होगा। पिताश्री पं. बीपी दीक्षित की पुण्य स्मृति में इस वर्ष खेल महोत्सव का आयोजन वीरांगना अवंतीबाई महाविद्यालय में 30 जनवरी से किया जा रहा है जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, ब्हालीवॉल, बैडमिंटन, रेस, कैरम व चैस की प्रतियोगिताएं संपन्न होंगी।

## अग्रसेन महिला मंडल ने मनाया बसंत पंचमी का कार्यक्रम



छतरपुर। सरानी दरवाजा बाहर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में रविवार को अग्रसेन महिला मंडल द्वारा बसंत पंचमी का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की अतिथि रजनी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, आभा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, ज्ञानू अग्रवाल, गायत्री, नीलम, मानसी अग्रवाल थीं। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारम्भ कर रुक्मणी अग्रवाल और नीतू अग्रवाल ने ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना और वंदना की। अग्रसेन महिला मंडल नीता नवल अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। जबकि अध्यक्ष सोनम अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पास इन द पास गेम में प्रथम स्थान रजनी बद्री अग्रवाल, द्वितीय स्थान विनीता दिनेश अग्रवाल और तीसरा स्थान स्वाति अग्रवाल को मिला। इसके बाद हुए एक सरप्राइज गेम में प्रथम स्थान नीता नवल अग्रवाल, द्वितीय स्थान ज्योति राजीव अग्रवाल और तीसरा स्थान रेनू बॉबी अग्रवाल ने प्राप्त किया। पंक्चुअल्टी में नीता राहुल अग्रवाल प्रथम, पिंकी सिंघल और नीतू दिनेश अग्रवाल द्वितीय रहीं। बसंत पंचमी के कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, सचिव संगीता अग्रवाल, संगठन मंत्री ज्योति गगन चौधरी, सांस्कृतिक मंत्री नीतू अग्रवाल, संगठन मंत्री संध्या अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रुकमणी अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, मधुलिका, शालिनी, आरती, मानसी, ज्योति, मुक्ता अग्रवाल, पिंकी सिंघल, पूनम, कीर्ति, गायत्री, ज्योति, हेमलता, प्रियंका, सपना, पूजा और नीतू अग्रवाल सहित अनेक महिलाएं मौजूद थीं।

### शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती से विधायक ने लिया आशीर्वाद

बरेली । शनिवार को नर्मदा जयंती पर मां नर्मदा के सभी तटों पर भव्य नर्मदा जयंती महोत्सव मनाया गया श्रद्धालुओं में काफी उत्साह और श्रद्धा देखी गई जगह-जगह चुनरी यात्रा निकली मां नर्मदा के अलीगंज मांगरोल बोरास सिवनी बगलबाडा के घाटों पर में दिनभर भंडारे चलते रहे वहीं शाम को लाखों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में दीप दान किया 7 माँ नर्मदा जयन्ती महोत्सव के उपलक्ष्य में द्वारिकाशारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी के सानिध्य में नर्मदा तट मोतलसिर में आयोजित नर्मदा जयन्ती महोत्सव में पूज्य शंकराचार्य जी का उदयपुरा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र पटेल ने चरण वंदना कर आशीर्वाद लिया और उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के मां नर्मदा और गुरुजी से सुख समृद्धि की कामना की 7 वही माँ रेवा की परिक्रमा कर रहे पूज्य भैया जी महाराज का सभी परिक्रमा वासियों समेत विधायक निवास गड़रवास पर आगमन हुआ। यहाँ पूज्य गुरुजी व सभी परिक्रमा वासियों का विधायक देवेंद्र पटेल, नरेंन्द्र पटेल बाबूजी, श्रवण पटेल सहित गडरवास परिवार द्वारा स्वागत-सत्कार किया गया 7

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं



प्रचार्य - राजेन्द्र कुमार पाटिल
शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खमारपानी

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं



शारदा शिशु मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल देवरी
संचालक- ओम शिव शक्ति कान्वेन्ट स्कूल खमारपानी

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं



शासकीय देशी-विदेशी शराब दुकान
बिछुआ खमारपानी

#### पप्पू खुराना दूसरी बार बने जिला कांग्रेस के अध्यक्ष

# नगरीय निकायों के चुनाव की सफलता और कुशल संगठक प्रमाणित करने का मिला पुरूस्कार

सिवनी– जिला कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष राजकुमार खुराना के नेतृत्व को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बेहत्तर नेतृत्व माना जाते हुए श्री खुराना को दूसरी बार जिला कांग्रेस अध्यक्ष की बागडौर सौपकर श्री खुराना पर बडा विश्वास जताया गया है। अपने कुशल संगठक के रूप मे अपनी अलग पहचान बनाते हुए गत दिनो संपन्न हुए नगरीय निकायो के चुनावो मे कांग्रेस पार्टी को ऊंचाई पर पहुंचाने का श्री खुराना ने जो प्रयास किया दूसरी बार उनकी जिला अध्यक्ष पर नियुक्ति इसी पुरूस्कार से जोडकर देखा जा रहा है। उल्लेखनीय होगा कि प्रदेश मे होने वाले विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी पर पूरे प्रदेश भर मे सर्जरी प्रारंभ कर दी गयी है जिसमे कई जिलो के अध्यक्षो को बरकरार रखा गया है तो कई जिलो के अध्यक्षो की कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हे हटा भी दिया गया है। सिवनी जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पप्पू खुराना के संगठन के बेहत्तर अनुभव व इनकी कार्यकुशलता को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा इन्हे दूसरी बार सिवनी जिला कांग्रेस अध्यक्ष की बागडौर सौपी जाकर यह निश्चित कर दिया गया है कि अगला विधानसभा चुनाव अव श्री खुराना के मार्ग दर्शन पर ही संपन्न होगा। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि पहली बार जव श्री खुराना को जिला कांग्रेस की बागडोर सौपी गयी थी उस उस समय जिले मे कांग्रेस की स्थिति काफी खराब थी और जिले की चार मे तीन विधानसभा सीटो पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा था श्री खुराना के नेतृत्व मे बनी जिला कार्यकारिणी ओर कांग्रेस पार्टी से आम लोगो को जोडते जाने के इनके प्रयास से पिछले विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस मजबूत होकर उभरी ओर जिले की चार मे दो विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने अपना विधायक निर्वाचित कर लिया जिसमे अभी तक अजेय रहने वाली जिले की बरघाट विधानसभा सीट भी शामिल रही। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री खुराना के कार्यकाल मे ही जिला कांग्रेस का भव्य एवं आलीशान जिला कांग्रेस कार्यालय का भवन बनकर तैयार हुआ जिसका लोकार्पण करने पूर्व मुख्यमत्री कमलनाथ सिवनी पहुचे थे। श्री खुराना द्वारा सभी वर्गो के लोगो को साथ लेकर चलने रहने की उनकी कार्यशैली के चलते गत माहो मे संपन्न हुए नगरीय निकायो के चुनाव मे 15 वर्षो से सिवनी नगरपालिका मे काबिज होते आ रही भारतीय जनता पार्टी को धूल चटाते हुए उन्होने सिवनी नगरपालिका मे कांग्रेस का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित करवा लिया इसी तरह जिला पंचायत के चुनावो मे भी सबसे ज्यादा कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्यो को जितवाकरक लाते हुए कांग्रेस का जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनवाने का मार्ग प्रशस्त किया किन्तु आरक्षण की त्रुटियां निकालते हुए सत्ताधारी दल के दवाव मे कांग्रेस का जिला पंचायत अध्यक्ष तो नही बन पाया किन्तु उपाध्यक्ष चुनाव मे कांग्रेस पार्टी ने एक तरफा चुनाव जीतकर अपना उपाध्यक्ष बना लिया। इसके अलावा जनपद पंचायत के चुनावो की बात की जाये तो इसमे भी कांग्रेस पार्टी का बेहत्तर पहले से बेहत्तर रहा। इन्ही सभी कारणो से प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा श्री खुराना के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए उन्हे दूसरी बार जिले की कमान सौपी गयी है वही वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशुतोष वर्मा एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री श्रीमति नेहा सिह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।




सांध्यप्रकाश विशेष
पेज 1 का शेष

# Dancing towards $ 5 Trillion Economy is doable only if it adopts Holistic Beat



The priority is to successfully combat the challenge is to focus on sectors that will contribute to GDP growth in sustainable manner. The quality infrastructure in rural areas by optimizing the existing funds available with finance commission converged with MGNREGA, Agriculture the highest employment generator with more than 70% population dependent on it, Mining along with its user industries the second employment generator, the social protection to ensure no one is left behind ensures inclusive GDP growth, Food Security, telecom and electronics the backbone for digital India, going to basics of health care and education.These sectors may not sound new, put patch work and knee jerk approach has resulted in not taping its full potential. Many a times, one department working at cross purpose to the other results in a big hit that sector takes. Delay in decision making resulting in the sector getting a big hit. Instead of competing at international level, the sector ends in combating domestic courts and government policy corrections. The Covid 19 handling in piecemeal has been evident. What one does in peace times prepares one for war. The challenge is to change the view of world as India a good destination for not just selling their goods and services than it being a manufacturing challenge. India to cater to its own needs in above sector can be continuous contributor to GDP and also trigger not just subsistence level earnings but graduate to quality employment that will ensure sustainable earnings graduating to surplus. If course correction is not done or delayed it will have negative impact resulting in no new job creations, job losses, low spending, trigger dip in manufacturing, low borrowings and thus low GDP growth. The focus here is more as practitioner development economist than sheer economic theories and debates. It is to challenge that the solution lies within the country it is structural and world economy slow down being cyclical is least of the problem for high consumption nation like India. The shift is to look within then the option cannot be knee jerk reactions but well thought out approach that are system based, long term but with short term bench mark effects to improve the status that we are in. That is paradigm shift to holistic approach in policy making. What derailed India's growth story?The successive governments failed to bring in long-term policy reforms to sustain high growth rates and instead went for knee-jerk reactions to the various issues that threatened growth. While the ad hoc policy measures seemed to solve the problems they just swept the symptoms under the carpet. Putting the India story back on track is not just the need of the government or the ruling party. It is equally important for the opposition parties, the industrialists, the common man and the youth to see that the country achieves its growth potential. There is a need to go back to the drawing board and approach the development issues with a fresh holistic approach as the knee-jerk solutions have dented the country's growth prospects.Every crisis should be seen as an opportunity. The attempt is an opportunity to find solutions that will put India on the path of long-term sustainable growth. This is the opportunity to usher in holistic policy reforms, ensuring a paradigm shift from the current approach. The new approach will not only help the country achieve its short-term goals, but also put it on track to attain sustainable economic growth with equity.The Prime Minister has set a goal to make India a $5 trillion economy by 2024 and a $10 trillion economic powerhouse by 2032. In the current economic scenario, these goals are unlikely to be achieved. India needs a modern agriculture, a robust manufacturing and dynamic services sector to achieve these goals. For these, India needs holistic structural changes in laws governing raw materials, power tariffs, credit availability, labour laws and taxation. The way to achieve this is through a convergence of different government departments working in a synchronized manner towards the common goal of boosting economic growth.The Prime Minister has rightly focused on wealth creation in his Independence Day speech this year. The focus here should not be asset classes, but the sectors that can generate employment. The expanding workforce will, in turn, create demand, which is the key to economic growth and prosperity. The manufacturing sector comprising large industries and MSMEs must get the government's attention if India were to become a global economic powerhouse. The age-old practice of bringing in patchwork policies will not suffice if the government is looking to attract foreign investment and cutting-edge technologies. There should be predictable policies to create an environment attractive to foreign investors who will bring the latest technologies to India. India's famed demographic dividend in the form of a young population could turn into a curse if the government fails to address the issues of education, health and job creation. It should involve all stakeholders in developmental efforts, instead of indulging in blame games.The need of day is paradigm shift to the 'holistic approach to the policy making and we become world leaders and ensure inclusive growth fulfilling the SDGs objective of no one is left behind. These sectors are discussed in detail in my book Dancing Towards the $5 Trillion Economy on the holistic Beat.




# मध्यम वर्ग को खुश करना सरकार के लिए बड़ी चुनौती

**आलोक मेहता**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एक कार्यक्रम में कहा कि मैं खुद को मिडिल क्लास परिवार के रूप में पहचानती हूं तो मैं ये बात जानती हूं। मोदी सरकार ने मिडिल क्लास के ऊपर कोई नए तरह के कर या टैक्स का बोझ नहीं डाला है। इसके अलावा 5 लाख रुपये तक की आय को भी टैक्स मुक्त रखा गया है। विदुषी श्रीमती सीतारमण ने कौटिल्य के अर्थशास्त्र को भी कुछ बातें स्मरण होंगी। कौटिल्य के अनुसार ' शासक को अपने जीवन स्तर से सामान्य लोगों के जीवन स्तर का आकलन नहीं करना चाहिए और लोगों के कल्याण ङ्क खुशी के हर संभव कदम उठाने चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आठ साल पहले आई सरकार ने गरीबों के जीवन में बदलाव के लिए कई क्रान्तिकारी कल्याण कार्यक्रमों को क्रियान्वित किया है। उद्योग व्यापार के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है। लेकिन विभिन्न सर्वेक्षणों से यह बात सामने आई है कि देश का मध्य आय वर्ग अब भी सरकार के क़दमों से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। इसलिए आगामी बजट ( 2023- 24 ) में राहत के कुछ अच्छे क़दमों की उम्मीद कर रहा है।

देश का बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसमें आम जनता से लेकर राज्य सरकारों और वित्तीय संस्थाओं की उम्मीदों को पूरा करने की कोशिश कर सकती हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा हो या धार्मिक मूल्यों का सम्मान, गरीबों का उत्थान हो या वैश्विक कूटनीति, ये कुछ ऐसे मुद्दे रहे हैं जिन्हें मोदी सरकार ने काफी अच्छे से संभाला है। हालांकि, इतनी सफलताओं के बीच सरकार के लिए जो मुद्दा सबसे बड़ी चुनौतियों के रूप में सामने आता है, वो है अर्थव्यवस्था का मुद्दा। विपक्ष अक्सर ही अर्थव्यवस्था और महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोलता नजर आता है। प्रधान मंत्री मोदी पर सबसे बड़ा आक्रमण इस मुद्दे पर होता है कि केंद्र सरकार मध्यम वर्ग को कोई राहत नहीं देती नहीं है।वस्तुतः यह तर्क दिया जाता है कि मध्यम वर्ग में सरकारी नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ जाने के कारण नीति संबंधी मुद्दों पर वैचारिक अंतर बढ़ने से ही मुख्यतः 2014 में भाजपा को चुनाव में भारी सफलता मिली थी। व्यापक शहरीकरण और आमदनी में वृद्धि होने से जनसांख्यिकीय परिवर्तन के कारण भविष्य में ये प्रवृत्तियाँ और भी बढ़ सकती हैं 7इस समय भारत की शहरी आबादी 32 प्रतिशत है जो 2050 तक दुगुनी हो सकती है और अनुमान है कि मध्यम श्रेणी के लोगों की संख्या 2025 तक बढ़कर एक अरब तक हो सकती है। इन तथ्यों के बावजूद शहरी मध्यम वर्ग के बारे में सबसे अधिक धारणा यही रही है कि यह वर्ग चुनावी राजनीति के प्रति तिरस्कार और उपेक्षा का भाव रखता है। मध्यम वर्ग नागरिक के रूप में अपनी सक्रियता का प्रदर्शन ऐसोसिएशन की ज़िंदगी जीने में करता है और चुनावी राजनीति को गरीबों का काम मानता है।




एक प्रमुख आर्थिक सर्वे एजेंसी का सर्वेक्षण बताता है कि हर साल 5-30 लाख रुपये कमाने वाले परिवार मिडिल क्लास में आते हैं। मिडिल क्लास घरों की संख्या दोगुनी हो गई है। रिपोर्ट बताती है कि भारत की 4 प्रतिशत आबादी 'अमीर' है तो 13 प्रतिशत जनसंख्या 'गरीब'। साल में सवा लाख रुपये से कम कमाने वाला परिवार 'गरीब' है। यही सर्वे 2 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाने वाले परिवारों को 'सुपर रिच' की कैटिगरी में रखता है। साल में 5 लाख से 30 लाख रुपये सालाना आय वाले परिवार मिडिल क्लास में आते हैं।आबादी के लिहाज से देश की 31प्रतिशत आबादी मिडिल क्लास है। निम्न मध्यम वर्ग के परिवार की सालाना आय का दायरा 1.25 लाख से 5 लाख रुपये के बीच रखा गया है। अनुमान है कि अगले 25 सालों में मिडिल क्लास आबादी का प्रतिशत बढ़कर 64 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। सर्वे बताता है कि देश के 3 प्रतिशत घर संपन्न श्रेणी में आते हैं। ये वे परिवार हैं जिनकी सालाना कमाई 30 लाख रुपये से ज्यादा है। भारत की सिर्फ 3 प्रतिशत आबादी 'अमीर' के दायरे में आती है।देश में 5 लाख से 30 लाख रुपये सालाना आय वाले 30 प्रतिशत परिवार हैं। इन?हें मिडिल क्लास में रखा गया है। कमाई से लेकर खर्च और बचत में मिडिल क्लास सबसे आगे है। आबादी में मिडिल क्लास की हिस्सेदारी 31 प्रतिशत है।निम्न आय वर्ग की श्रेणी में देश के 52 प्रतिशत घर आते हैं। आबादी में भी इनकी इतनी ही हिस्सेदारी है। सालाना सवा लाख से 5 लाख रुपये कमाई वाले परिवार इस रेंज में रखे गए हैं। बचत करने में लो मिडल क्लास की हिस्सेदारी सिर्फ 1प्रतिशत है। साल में 1.25 लाख रुपये से कम आय वाले परिवार 'निराश्रित' श्रेणी में रखे गए हैं। देश की 13 प्रतिशत आबादी और 15 प्रतिशत परिवार इस दायरे में आते हैं। इन परिवारों के पास पेट भरने की चुनौती है, बचत का सवाल ही नहीं उठता। महाराष्ट्र के 6.4 लाख घर 'सुपर रिच' की कैटिगरी में आते हैं। 2021 में इन परिवारों की सालाना आय 2 करोड़ रुपये से ज्यादा रही। सर्वे नतीजों के अनुसार, महाराष्ट्र सबसे अमीर राज्य है। दूसरे नंबर पर दिल्ली है जहां 1.81 लाख 'सुपर रिच' घर हैं। गुजरात में 1.41 'सुपर रिच' घर हैं और तमिलनाडु में 1.37 लाख हैं।

राजनैतिक प्रतिनिधियों द्वारा चुनाव की दृष्टि से मामूली-सा बने रहने की धारणा के अलावा मध्यम वर्ग के वे लोग जिनके पास राज्य के अंदर नैटवर्क नहीं है, न तो अपनी चिंताओं को लेकर प्रभावी रूप में आवाज़ उठा सकते हैं और न ही उनके पास राजनीति का पूरी तरह बहिष्कार करने का ही विकल्प रहता है। सार्वजनिक सेवाओं के लिए उन्हें सरकार की ज़रूरत तो है, लेकिन उनकी पहुँच वहाँ तक नहीं है। मध्यम वर्ग के ये लोग चुनावी चैनलों के माध्यम से सरकारी मशीनरी का भाग बने रहने का प्रयास करते हैं। आर्थिक उदारीकरण के कारण राज्य-सोसायटी के संबंधों में आए व्यापक परिवर्तनों के फलस्वरूप मध्यम वर्ग की राजनैतिक लामबंदी के रूप में ये प्रवृत्तियाँ और भी बढ़ने लगी हैं। आर्थिक विकास के फलस्वरूप मध्यम वर्ग में आए विस्तार के कारण सार्वजनिक सेवाओं में सुधार लाने की माँग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। साथ ही सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण और राजकोषीय विकेंद्रीकरण के कारण स्थानीय स्तर पर वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता बढ़ती जा रही है। दो कारकों के समन्वय ने स्थानीय राजनीति को और भी विवादास्पद बना दिया है. इस प्रकार मध्यम वर्ग की लामबंदी कुछ हद तक राज्य के बढ़ते संसाधनों के संदर्भ में शासन की गुणवत्ता और सार्वजनिक सेवाओं की डिलीवरी में अंसतोष के कारण होती है। सिविल सोसायटी से लेकर चुनावी क्षेत्र में सक्रियता का यह संक्रमण मध्यम वर्ग के समूहों के लिए एक ऐसा साधन है, जिससे वे सरकारी संसाधनों के वितरण पर अधिक से अधिक सीधा नियंत्रण बनाये रखने में कामयाब होते हैं।

व्यापक दृष्टि से राजनैतिक प्रक्रिया में जुड़ने के मध्यम वर्ग के ये प्रयास सरकार की उस क्षमता को प्रदर्शित करते हैं, जिसके कारण चुनावी चैनलों या नौकरशाही के माध्यम से अधिक से अधिक मध्यम वर्ग के लोग राजनैतिक प्रक्रिया में भाग लेने लगे हैं। मध्यम वर्ग के वे लोग जो चुनावी राजनीति से अलग-थलग पड़ जाते हैं, सिविल सोसायटी में अधिक सक्रिय रह सकते हैं। इस बात का अंदाज़ा इसी बात से हो जाता है कि मध्यम वर्ग के ये लोग अनेक विशिष्ट नीतिगत मुद्दों पर व्यापक रूप में विरोध प्रदर्शन करते हैं और भ्रष्टाचार के विरुद्ध भारत के आंदोलन जैसे मामलों में सार्वजनिक भ्रष्टाचार का विरोध करते हैं। इन विरोध प्रदर्शनों का उद्देश्य औपचारिक राजनीति के क्षेत्र से बाहर रहकर सरकारी नीतियों को प्रभावित करना होता है। सिविल सोसायटी में सक्रियता का संक्रमण चुनावी लामबंदी के रूप में तभी होता है जब वे नीतियों को प्रभावित करने में विफल रहते हैं। मध्यम वर्ग की लामबंदी के दो ही तर्क हैं, जिनका भारी प्रभाव भारत की राजनीति के स्वरूप पर पड़ता है और भारत का शहरीकरण तेज़ी से होने लगता है। इसलिए अब सरकार को इस वर्ग पर विशेष ध्यान देगा। खासकर महिलाओं के लिए कुछ नए कदम और 65 से अधिक आयु वाले लोगों के पास केवल बचत से मिलने वाले ब्याज को टैक्स से राहत देने की मांग पर गंभीरता से विचार करना होगा।

# राज्यों की इकोनॉमी का सबसे बड़ा सहारा है ये लड़खड़ाते कदम !

**भोपाल।** भाजपा नेता उमा भारती शराबबंदी की मांग पर अड़ी है। जबकि, शराब की बिक्री से किसी को राज्य की इकोनॉमी को बड़ी मदद मिलती है। मध्यप्रदेश को ही शराब पर टैक्स से 11,873 करोड़ की कमाई हुई है। यदि वास्तव में सरकार वास्तव में शराबबंदी की मांग पर कदम उठाती है, तो उसके पास इस क्षतिपूर्ति की भरपाई का कोई रास्ता नहीं है।

शराब पीना बुरी आदत है, इससे इंकार नहीं ! देश में यदा कदा शराबबंदी की मांग भी उठती रहती है। लेकिन, सच्चाई यह है कि शराब की देश की इकॉनामी में महत्वपूर्व भूमिका है। जीएसटी और पेट्रोल-डीजल के बाद राज्य सरकारों की सबसे ज्यादा कमाई शराब से ही होती है। यही वजह है कि कोरोना का प्रकोप कम होने के बाद सरकार ने सबसे पहले शराब के ठेके खोले।



इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुताबिक राज्यों की टैक्स रेवन्यू में 39.9 फीसदी हिस्सा स्टेट जीएसटी का और 21.9त्न हिस्सा पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले वैट का होता है। इसके बाद एक्साइज का नंबर आता है। राज्यों की 11.2 फीसदी कमाई एक्साइज से होती है। इसमें सबसे ज्यादा हिस्सा शराब पर एक्साइज से आता है। आइए जानते हैं कि शराब से कमाई के मामले में कौन राज्य है सबसे आगे !

अल्कोहल यानी शराब का ग्लोबल मार्केट 1448.2 अरब डॉलर का है और 2022 से 2028 के बीच इसमें सालाना 10.3त्न की दर से बढ़ने का अनुमान है। 2025 तक यह 1976 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। मजेदार बात यह है कि दुनिया में भारत का अल्कोहल मार्केट सबसे तेजी से बढ़ रहा है। अभी यह 52.5 अरब डॉलर का है। भारत का अल्कोहल मार्केट सालाना आठ फीसदी की रफ्तार से बढ़ रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले कुछ साल में देश शराब का प्रॉडक्शन 25त्न बढ़ा है। इसकी वजह यह है कि भारत में शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है और साथ ही लोगों की इनकम भी बढ़ रही है।

**सबसे ज्यादा कमाई उत्तर प्रदेश में -** अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग एक्साइज ड्यूटी है। अल्कोहल की पूरी सप्लाई चेन पर राज्यों का पूरा कंट्रोल है। इनमें प्रॉडक्शन से लेकर डिस्ट्रीब्यूशन, रजिस्ट्रेशन और रिटेल शामिल है। यह सेक्टर विदेशी निवेश के लिए खुला है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्य वाइन बनाने के लिए स्थानीय कंपनियों को सब्सिडी देते हैं। अल्कोहल को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है। पूर्वोत्तर राज्यों का एक्साइज रेवेन्यू कहीं ज्यादा है। यह इंडस्ट्री करीब 15 लाख लोगों को रोजगार देती है। इंडस्ट्री के अनुमान के मुताबिक 2015 में 21 करोड़ लोग शराब पीते थे। अब यह संख्या 30 करोड़ के ऊपर पहुंच चुकी है।

2020-21 के आंकड़ों के मुताबिक पूरे देश में एक्साइज से करीब एक लाख 75 हजार करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। शराब से सबसे ज्यादा कमाई करने वाला राज्य उत्तर प्रदेश रहा। यूपी का एक्साइज रेवेन्यू 31,517 करोड़ रुपए रहा। यह राज्य के कुल रेवेन्यू का 21.8त्न है। इस मामले में कर्नाटक 20,950 करोड़ के साथ दूसरे नंबर पर है। राज्य के कुल रेवेन्यू में एक्साइज का हिस्सा 20.6त्न था। महाराष्ट्र ने एक्साइज से 17,477 करोड़ कमाए थे। मध्य प्रदेश को शराब पर टैक्स से 11,873 करोड़ की कमाई हुई थी। तमिलनाडु 7,262.30 करोड़ रुपये की कमाई के साथ इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर है। यह इनकम शराब की लीगल बिक्री है।

## इन राज्यों में शराब से इतनी कमाई

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में सरकार के कुल रेवेन्यू में 58त्न हिस्सा एक्साइज से आता है। इसी तरह पुडुचेरी में कुल रेवेन्यू में 55त्न हिस्सा एक्साइज का है। मेघालय में यह 47त्न और तेलंगाना में 31त्न रेवेन्यू शराब से आता है। बिहार में शराब पर पाबंदी है। इस कारण वहां शराब से सरकार को कोई इनकम नहीं होती है। गुजरात में भी शराब पर पाबंदी है। वहां के कुल रेवेन्यू में एक्साइज की हिस्सेदारी मात्र 0.20त्न है। मणिपुर में यह 7त्न, असम में 8त्न, गोवा में 9त्न है। बिहार में शराब पर पाबंदी से राज्य सरकार को सालाना 3,500 करोड़ का नुकसान हो रहा है। हालांकि इसका फायदा उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों को मिल रहा है। इन राज्यों को एक्साइज से रेवेन्यू बढ़ गया है।

# सरकार ने बदला बड़ा नियम, खत्म होगी पेंशन और ग्रेच्युटी!

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों के लिए सरकार ने एक बड़े नियम को बदल दिया है. केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के लिए एक सख?त चेतावनी भी जारी की है.

अगर कर्मचारियों ने इसे अनदेखा किया तो उन्हें अपने रिटायरमेंट के बाद पेंशन व ग्रेच?युटी से हाथ धोना पड़ सकता है.

अगर कोई सरकारी कर्मचारी अपने काम में लापरवाही करता है तो उसके लिए रिटायरमेंट के बाद उसके पेंशन व ग्रेच?युटी रोकने का निर्देश दिया गया है. सरकार का यह आदेश केंद्रीय कर्मचारियों पर लागू रहेगा, लेकिन आगे जाकर इस पर राज?य भी अमल कर सकते हैं.

**सरकार ने जारी किया आदेश-** केंद्र सरकार ने सेंट्रल सिविल सर्विसेज (पेंशन) रूल 2021 के संबंध में एक नोटिफिकेशन जारी किया था. इसमें केंद्र सरकार ने हाल में ही सीसीएस (पेंशन) नियम 2021 के रूल 8 में बदलाव के बारे में बताया था, जिसमें नए प्रावधान जोड़े गए. इस नोटिफिकेशन में कहा गया कि अगर केंद्रीय कर्मचारी अपने नौकरी के दौरान किसी गंभीर अपराध या लापरवाही में दोषी पाए जाएंगे तो रिटायरमेंट के बाद उनकी ग्रेच?युटी और पेंशन रोक दी जाएगी.

केंद्र की तरफ से बदले नियम की जानकारी सभी संबंधित प्राधिकरणों को भेज दी गई. इतना ही नहीं, इसमें यह भी साफ किया गया है कि दोषी कर्मचारियों की जानकारी मिलती है तो उनकी पेंशन और ग्रेच?युटी रोकने की कार्रवाई शुरू की जाए. यानी सरकार इस



बार इस नियम को लेकर सख्त है.

### ये लोग करेंगे कार्रवाई

- ऐसे प्रेसिडेंट जो रिटायर्ड कर्मचारी के अप?वाइंटिंग अथॉरिटी में शामिल रहे हैं, उन?हें ग्रेच?युटी या पेंशन रोकने का अधिकार दिया गया है.
- ऐसे सचिव जो सम्बंधित मंत्रालय या विभाग से जुड़े हों जिसके तहत रिटायर होने वाले कर्मचारी की नियुक्ति की गई हो, उन्हें भी पेंशन और ग्रेच?युटी रोकने का अधिकार दिया गया है.
- अगर कोई कर्मचारी ऑडिट और अकाउंट विभाग से रिटायर हुआ है तो सीएजी को दोषी कर्मचारियों के रिटायर होने के बाद पेंशन और ग्रेच?युटी रोकने का अधिकार दिया गया है.

### ऐसे होगी दोषियों पर कार्रवाई

- नियम के मुताबिक, नौकरी के दौरान अगर कर्मचारी के खिलाफ कोई विभागीय या न?यायिक कार्रवाई हुई तो इसकी जानकारी भी संबंधित अधिकारियों को देना जरूरी होगा.
- अगर कोई कर्मचारी रिटायर होने के बाद फिर से नियुक?त हुआ है तो उस पर भी यही नियम लागू होंगे.
- अगर कोई कर्मचारी रिटायरमेंट के बाद पेंशन और ग्रेच?युटी का भुगतान ले चुका है और फिर दोषी पाया जाता है तो उससे पेंशन या ग्रेच?युटी की पूरी अथवा आंशिक राशि वसूली जा सकती है.
- इसका आकलन विभाग को हुए नुकसान के आधार पर किया जाएगा.
- अथॉरिटी चाहे तो कर्मचारी की पेंशन या ग्रेच?युटी को स्थायी अथवा कुछ समय के लिए भी रोक सकती है.

### अंतिम आदेश से पहले लेना होगा सुझाव

इस नियम के अनुसार, ऐसे स्थिति में किसी भी अथॉरिटी को अंतिम आदेश देने से पहले यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन से सुझाव लेना होगा. इसमें यह भी प्रावधान है कि किसी भी मामले में जहां पेंशन को रोका या निकाला जाता है, उसमें न्यूनतम राशि 9000 रुपये प्रति माह से कम नहीं होनी चाहिए, जो रूल 44 के तहत पहले से निर्धारित है।

# सहकारी बैंक कर्मचारियों बासंतिक आयोजन

## बैंक महाप्रबंधक का अभिनंदन सहित पूर्व पदाधिकारियों का भी जोरदार सम्मान

**छिंदवाड़ा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी संघ छिंदवाड़ा द्वारा बसंत उत्सव के अवसर पर नववर्ष मिलन कार्यक्रम का अभिनव आयोजन होटल अभिमन्यु में किया गया ! कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारी कर्मचारी आंदोलन के प्रणेता बैंक कर्मचारी संघ (यूनियन) की नीव रखने वाले बैंक कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष मनमोहन राय ने की! सहकारिता सशक्तिकरण की भावना को साकार करते इस अभूतपूर्व आयोजन की सबसे खास बात यह थी कि इसमें मुख्यालय एवं जिले भर की शाखाओं ,समितियों के बैंक कर्मचारीयों के साथ - साथ सहकारी समिति कर्मचारी संघ (यूनियन) के प्रमुख पदाधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित थे! बैंक कर्मचारी संघ के इस कार्यक्रम में भूतपूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों प्रमुख रूप से मनमोहन राय, जी. के. डिगरसे, सी एल पवार, रीमा सिंह ठाकुर का पुष्पहार और शाल श्रीफल से सम्मान किया गया, वहीं कर्मचारियों



और पदाधिकारियों से खचाखच भरे सदन में बैंक के महाप्रबंधक डॉ.कृष्ण कुमार सोनी का भी उनके यशश्वी उत्कृष्ट कार्यों योगदान हेतु सारस्वत सम्मान और अभिनंदन किया गया, बैंक कर्मचारी संघ के भूतपूर्व पदाधिकारी रहे मनमोहन राय, जी के डिगरसे, पूर्व बैंक संचालक सी एल पवार ने कहा कि कर्मचारी संघ के सदस्यों में समरसता, स्नेह और सहकारिता की पवित्र भावना को प्रबल बनाने की दृष्टि से सभी साथियों की स्वेच्छा से ऐसे आयोजन होते ही रहने चाहिए! बैंक के महाप्रबंधक डॉ. कृष्ण कुमार सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे अद्वितीय और अनूठे कार्यक्रम की आवश्यकता सहकारिता जगत में नितांत बनी हुई है यह अद्वितीय इसलिए भी है कि इसका आयोजन स्वयं बैंक कर्मचारियों ने विशेष रूप से यूनियन के जरिए अपनी स्वप्रेरणा से सहकारिता जगत को शसक्त करने के पवित्र उद्देश्य से किया है जो अनुकरणीय है! सहकारी बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीरज जैन, सचिव राकेश चौकसे, सहसचिव रामबाण शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती भारती शाह , मंगेश येमदे , कोषाध्यक्ष मनोज लोखंडे द्वारा एक नई परम्परा की बेहतरीन शुरुआत करते हुए सहकारिता की पवित्र भावना को साकार करने के उद्देश्य से प्रथम बार यह अभिनव आयोजन किया गया था जिसमें आगंतुकों के लिए लजीज भोजन का भी व्यवस्था की गई थी, कार्यक्रम को जिले भर से आए कर्मचारियों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर सफल बनाया ! शाम तक चले इस कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीरज जैन ने किया !

## ओबीसी महासभा एवं जयभीम सेना की संयुक्त बैठक



**छिन्दवाड़ा ।** रविवार को ओबीसी महासभा एवं जय भीम सेना की ओर से आव्हान किया गया है कि दिनांक 12 फरवरी चन्द्रशेखर आजाद की नेतृत्व में भोपाल के दशहरा मैदान में समस्त छिंदवाड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से ओबीसी महासभसा एवं जयभीम सेना के नेतृत्व में अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने संवैधानिक हक और अधिकारों के लिये दशहरा मैदान भोपाल पहुँचेंगे। इस अवसर पर ओबीसी महासभा एड. विपिन वर्मा, जयभीम सेना प्रमुख शिवम पहाड़े, जयभीम सेना ओबीसी अध्यक्ष गनपत यदुवंशी, जयभीम सेना अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहरू पटेल, जयभीम सेना उपाध्यक्ष दिनेश इवनाती, जयभीम सेना जिला सचिव मदन बरखाने, भीम आर्मी से संजय गांजरे, देवेन्द्र विश्वकर्मा ओबीसी महासभा सचिव, संजय बाक्सर रामभरोष वर्मा आदि उपस्थित थे ।

### शिर्डी साई मंदिर की बैठक सम्पन्न

**छिंदवाड़ा ।** प्रमुख साई धाम श्री शिरडी साई बाबा मंदिर विवेकानंद कॉलोनी में महत्वपूर्ण विषय एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि शिरड़ी साई बाबा मन्दिर में आयोजित इस बैठक में विधायक नीलेश उइके, राजा कमलेश शाह ,सुनील उइके तथा शाह स्टेशनर्स के लिए धन्यवाद पारित किया। श्री शिरडी साई बाबा के चांदी सिहांसन के शेष निर्माण हेतु देवराव उपासे, नीरज डोले को अधिकृत किया गया । साई भक्तों की सुविधाओं में विस्तार करते हुए शेड निर्माण एवं स्टैंड निर्माण का संकल्प पारित किया गया। सच्चिदानंद सेवा समिति की इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे जयंत बक्षी, सचिव राजू मोहगांवकर ने बाबा की शोभायात्रा, पूजन का पुजारियों के माध्यम से प्रबंधन एवं अन्य मत्वपूर्ण विषयों पर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया । बैठक में उपस्तिथ वी. एस राजपूत, भगवंत राव लड़क , धर्मेंद्र भार्गव, वीरेंद्र तिवारी, मनोज वाघमारे, मनीष असाटी तथा सभी पदाधिकारियों ने साई भक्तों से सहयोग का आग्रह किया है ।

## पांच वर्षीय 2 बच्चों ने इंग्लिश में भाषण दिये

**परासिया ।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह परासिया पेंच वैली स्कूल में दो नन्हें नन्हें बच्चों ने क्रिशय जैन और निष्ठा सरठे ने इंग्लिश में भाषण दिया और गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित हुये स्टाफ गण एवं बंधुओं का दिल जीत लिया गणतंत्र दिवस के पर्व में सम्मिलित हुए परासिया एस.डी.एम.द्वारा प्रथम पुरस्कार दिया गया परासिया सी. ई.ओ नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह सम्मिलित हुए थ।

## संयुक्त राज्य कन्वेंशन में शामिल हुए सीटू प्रतिनिधि

**परासिया ।** संयुक्त राज्य कन्वेंशन में शामिल हुए सीटू प्रतिनिधि–कारपोरेट की लूट को रोकने और जनता में फूट डालने वाली नीतियों के खिलाफ भोपाल में सुभाष नगर के डॉ.अम्बेडकर सामुदायिक भवन में संयुक्त राज्य कन्वेंशन 29 जनवरी रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें सीटू, मध्यप्रदेश किसान सभा, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के सभी जिलों से प्रतिनिधि उपस्थित हुए। कन्वेंशन को तीनों संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों ने संबोधित किया। लाल झंडा कोल माईंस मजदूर यूनियन सीटू कन्हान पेंच क्षेत्र से अध्यक्ष अमरनाथ सिंह महासचिव मीरहसन सचिव अशोक भारती,भण्डोल चौधरी, जसवंत सिंह, शंकर लाल उपस्थित रहे।

## नुन्हारिया मेहरा समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**छिंदवाड़ा ।** नुन्हारिया मेहरा समाज स्थान चित्रांश भवन छोटा तालाब छिंदवाड़ा में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता बाबासाहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित मुख्य अतिथि एवं समिति सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं प्रदेश के करीब 100 युवक-युवतियों ने अपना वैवाहिक परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालजी जावरकर, कार्यक्रम अध्यक्ष शिवप्रसाद भावरकर, विशेष अतिथि सुरेश बुनकर, मंगल प्रसाद भावरकर, गरिमामई उपस्थिति में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन कोमल भावरकर, कविता नागले, महिमा पाटिल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज के युवक- युवतियों का परिचय दिया जिसके साथ हि बच्चो द्वारा संस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में नुन्हारिया महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों साथ ही समाज के प्रतिभावन छात्र-छात्राओं को माननीय प्रदेश अध्यक्ष अतरलाल कोलारे,सचिव संजय मेहरा,कोषाध्यक्ष महेंद्र खातरकर,उपाध्यक्ष उमाशंकर सन्तोष वस्त्राने,सन्तोष मस्तकार, सिरपत सरनकर, वीणा भावरकर, आशा कोलारे, द्वारा प्रशास्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाज का समाजिक प्रतिवेदन डी आर बुनकर द्वारा प्रस्तुत किया गया।प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि समाज की एकजुटता ही समाज की मजबूती है समाजिक कार्यकर्ता श्याम कोलारे ने ब शादी की सही उम्र का महत्व के बारे में बताया ओर आग्रह किया कि युवक युवतियों सही उम्र में कर समाज मजबूती प्रदान कर सकते है। समाजिक युवा कार्यकर्ता ने कहा कि सामाजिक उत्थान के लिए युवाओं की सहभागिता एक महत्वपूर्ण कड़ी है।संस्कृतिक कार्यक्रम में महत्वी झरवड़े, तपस्या भावरकर, गरिमा कोलारे, अवनी कोलारे,आशता,अनुराधा झरवड़े, प्रथा भावरकर, मान्या बुनकर, इशी भावरकर, अर्चना बुनकर अपनी प्रस्तुति प्रदान की। सुमित भावरकर समाजिक सक्रिय कार्यकता श्याम कोलारे लेखन कार्य एवं कवि,शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मोहित भावरकर, ईशा झरवडे,जिज्ञासा कोलारे, लावण्या नागले,सोनिया बुनकर,आदित्य भावरकर,हेमलता महेश भावरकर कपड़ा बैंक,समाज सेवा के छेत्र में शिवनंदन भावरकर, विनोद बुनकर, विशनलाल झावरे, धनराज भूरा भावरकर,लक्ष्मी केवलरिया, रामाधार बुनकर शांता वस्त्राने जी को सम्मान प्रदान किया गया। वरिष्ठ कार्यकर्ता राधेलाल भावरकर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# कोविड वैक्सीन टीकाकरण का मिनी महाभियान आज से

**69 टीकाकरण केंद्रों पर लगाई जाएगी कोवैक्सीन और कोविशील्ड की डोज, कोरोना से सुरक्षा के लिए अंतिम अवसर, 30, 31 जनवरी को लगेंगे टीके**




**छिंदवाड़ा ।** कोरोना अभी भी कई देशों मे अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है इसी को देखते हुए राज्य एवं जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है तथा किसी भी प्रकार की चूक नही करना चाहता जिससे कि कोरोना पुन: हमारे जीवन के लिए खतरा बन जाये। छिंदवाड़ा कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले के मार्गदर्शन मे जिले मे अंतिम अवसर के रूप में कोविड टीकाकरण का मिनी महाभियान 30 एवं 31 जनवरी 2023 को चलाया जायेगा ,जिसके अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक उम्र के किसी कारण से छूटे हुए व्यक्तियों को नि:शुल्क प्रथम,द्वितीय और प्रीकॉशन (बूस्टर) डोज़ लगाई जायेगी । सरकार ने नई एडवाइजरी लागू कर दी है जिसमें कोविड अनुरूप व्यवहारों का पालन करने के साथ ही करोना वैक्सीन की बूस्टर डोज लगवाना भी अत्यंत आवश्यक है । कोरोना के दोनो डोज लगने के कुछ महीनों के बाद उसका असर कम होने लग जाता है , इसलिए दूसरी डोज लगने के 6 महीने बाद बूस्टर डोज लेना बहुत ही जरूरी है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी. सी. चौरसिया ने बताया कि कल दिनाँक 30 जनवरी को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के 69 टीकाकरण केंद्रों पर और 31 जनवरी को ग्रामीण क्षेत्र के सभी उपस्वास्थ्य केन्द्रो,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं शहरी क्षेत्र के सभी संजीवनी क्लिनिक,यूपीएचसी एवं समस्त शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों पर कोवैक्सीन और कोविशील्ड दोनो वैक्सीन नि:शुल्क लगाई जायेगी , निश्चित डोज की उपलब्धता को देखते हुए यह मिनी महाभियान अंतिम अवसर के रूप मे नागरिकों की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा है । जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एल एन साहू ने सभी नागरिकों से अपील् की है कि अपने परिवार और समाज की सुरक्षा के लिए इस अंतिम अवसर का लाभ अवश्य लें और 18 वर्ष से उपर के प्रत्येक नागरिक जिनकी किसी कारण से कोई डोज छूट गई हो तो उसे लगवालें ।

## आज सजेगी खाटू श्याम बाबा के भजनों की संध्या

**पंजाब, कोलकाता और नागपुर से आएंगे भजन गायक**




**छिंदवाड़ा।** श्याम परिवार आज सोमवार 30 जनवरी को एक शाम लाज बचाने वाले के नाम भजन संध्या का आयोजन कर रहा है बाबा खाटू श्याम के भजनों की ये गंगा पूजा शिवि लॉन में शाम 6 बजे से बहेगी। जिसमें पंजाब, कोलकाता और नागपुर से भजन गायक अपनी प्रस्तुती देंगे। यहां बाबा का श्रंगार लगेगा ओर पूजन अभिषेक के साथ भोग लगाया जाएगा फिर भजन संध्या होगी। शहर के श्याम प्रेमी परिवार ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पत्रकारों से चर्चा की। कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों द्वारा भव्य दरबार लगाने के साथ ही भजनों की प्रस्तुती दी जाएगी समीति सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम में संगीतमय भजनों की प्रस्तुती दी जाएगी। प्रस्तुती देने के लिए राज पारिक कोलकाता, मयंक अग्रवाल अबोहर, तेजी ब्रदर्स अमृतसर, निकारिका पुरोहित नागपुर एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुती देंगे। इस अवसर पर श्याम बाबा का भव्य अलौकिक श्रंगार कर दरबार सजाया जाएगा और अखंड ज्योति जलाई जाएगी बाबा को भोग लगाए जाएंगे समीति ने बाबा के भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थिति देकर बाबा का आर्शीवाद ग्रहण करने की अपील की है।

## श्री श्री पिपलेश्वर महादेव समिति के प्रयास से भगवान भोलेनाथ के मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार

**छिंदवाड़ा ।** महादेव की कृपा से सब संभव होता है जो नमुमकिन हो वह भी मुमकिन हो जाता है। ऐसा ही कुछ नरसिंहपुर रोड स्थित श्री श्री पिपलेश्वर समिति के प्रयासों से संभव हुआ है जहां रविवार को बाबा भोलेनाथ की कृपा से उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई। पिपलेश्वर महादेव मंदिर की बात करें तो यहाँ पर बाबा महादेव की एक छोटी सी शिवजी की प्रतिमा का पूजन पाठ इस क्षैत्र के भक्त लोग किया करते थे वहा का चबूतरा जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गया था ,भक्तो के मनोभाव थ इस का छोटा से जीर्णोद्धार हो जाये ,भक्तो के भाव बाबा ने सुने ओर क्षैत्र के लोगों के प्रयासों से शहर का छोटा एवं भव्य मंदिर का निर्माण कार्य शुरू होकर पूर्णता की ओर अग्रसर हो गया,देखते देखते कम समय में भव्य मंदिर का निर्माण पूर्ण हो गया। इसी तारतम्य में मूर्तीयो का प्राण प्रतिष्ठा का क्रम भी शुरू हो गया,इस मंदिर मे बाबा महादेव के संपूर्ण परिवार द्वारा उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई। वहीं सोमवार को मूर्ती की प्राण प्रतिष्ठा 1बजे से शुरू हो जायेगी ,उसके बाद महादेव भक्तों के लिये प्रसाद (भंडारा) का आयोजन रखा गया है। समिति के सदस्यों ने धर्म प्रेमी भक्तों से निवेदन किया है की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।



### राजस्थान से बनकर आई भगवान भोलेनाथ की मूर्ति

श्री श्री पिपलेश्वर मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया की राजस्थान के विशेष कारीगरों से भगवान भोलेनाथ की मूर्ति को आकृति दी गई है। जहां बाबा महादेव की मूर्ति देखते ही बन रही है। समिति द्वारा प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व महादेव का छेत्र भ्रमण करवाया गया जहां क्षेत्र की महिलाओं ने भड़ चढ़ कर हिस्सा लिया और बेंड बाजो के बीच नाचकर महादेव का स्वागत किया। सोमवार को समिति के सदस्यों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

## आगामी चुनावों में बूथ स्तर तक समिति गठन हेतु कार्ययोजना बनाई

छिंदवाड़ा। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने जानकारी दी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात का कार्यक्रम नगर मंडल दो के विभिन्न बूथों में कार्यकर्ताओं एवं आमनागरिकों की उपस्थिति में देखा गया । श्री शुक्ला ने जानकारी दी कि नगर मंडल दो के शक्ति केन्द्र क्र. 15, 17 एवं 20 में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी चुनावों में बूथ स्तर तक समिति गठन हेतु कार्ययोजना बनाई गई । नेताजी सुभाषचन्द्र बोस शक्ति केन्द्र क्र. 15 की बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कन्हईराम रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, वरिष्ठ नेता पीताम्बर डोडानी, शक्ति केन्द्र संयोजक तरूण किनडा, मंडल उपाध्यक्ष विजय गुगनानी, अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।



**छिंदवाड़ा । तामिया पातालकोट को वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया, जिला प्रशासन की ओर से एस.डी.एम प्रमाण पत्र प्राप्त किया।**

## जिला महिला संगठन की अध्यक्ष बनी रश्मि साहू, सोनू बने नगर अध्यक्ष

**जिला साहू सभा का हुआ गठन**

**छिंदवाड़ा ।** जिला साहू सभा कार्यकारिणी का गठन स्थानीय साहू समाज मंगल भवन रोड छिंदवाड़ा में आयोजित हुआ, कार्यक्रम का श्री गणेश संत शिरोमणि मां कर्मा की पूजन आरती के साथ प्रारंभ हुआ , बैठक में साहू समाज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र साहू एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्ष सामाजिक जनों की गरिमामय उपस्थिति में जिला अध्यक्ष कली राम साहू द्वारा उपस्थित अतिथि सामाजिक जनों का स्वागत करते हुए कार्यकारिणी की प्रथम घोषणा जिला महासचिव हरीश चुन्नीलाल साहू को यथावत रखते हुए जिम्मेदारी सौंपी , सदन ने तालियों से स्वागत किया कार्यभार संभालते हुए महासचिव द्वारा जिला एवं नगर साहू सभा , जिला एवं महिला / युवा प्रकोष्ठ की घोषणा , सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही बधाई शुभकामनाएं देने का सिलसिला जोरों से चलते रहा , समाज में उत्साह का माहौल देखा गया।




### इनका हुआ मनोनयन

नगर साहू सभा के अध्यक्ष-सोनू अंदर साहू, जिला युवा संगठन - अशोक अंबिका साहू,नगर युवा संगठन - प्रांशु राजा साहू, जिला महिला संगठन - श्रीमती रश्मि बलराम साहू,नगर महिला संगठन - श्रीमती नीतू देवेंद्र साहू, सभी नियुक्तियों पर नगर में हर्ष व्याप्त है , अतिथियों द्वारा उद्बोधन में समस्त पदाधिकारी नवनीत प्रकोष्ठ अध्यक्षों को सामाजिक एकता अखंडता बनाए रखना एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने हेतु कहां गया
कर्मा जयंती पर होंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिला साहू सभा द्वारा मां कर्मा जयंती के अवसर पर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 18 मार्च को किया जाएगा।

## अजाक्स संघ ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम 17 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

छिंदवाडा । अजाक्स संघ के प्रांतीय आवाहन पर अपनी 24 सूत्री मांगों को लेकर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री महोदय के नाम माननीय कलेक्टर महोदय के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया जिसमें ज्ञापन के पूर्व प्रात: 11:30 बजे अजाक्स कार्यालय खजरी रोड छिंदवाड़ा से रैली प्रारंभ होकर रानी दुर्गावती चौक से मेडिकल कॉलेज होते हुए मानसरोवर कंपलेक्स ,इंदिरा तिराहा, अंबेडकर चौक से होते हुए धरना स्थल कलेक्ट्रेट के सामने मैदान में दोपहर 1 बजे से लेकर 5 बजे तक धरना प्रदर्शन एवं आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में अजाक्स संगठन को 30 से अधिक सामाजिक संगठनों एवं अधिकारी कर्मचारी संगठनों का समर्थन एवं सहयोग प्राप्त हुआ । इस हेतु हमारी प्रमुख मांगे निम्नानुसार है।1-पदोन्नति में आरक्षण तत्काल लागू किया जाए.2. बैकलॉग के रिक्त पदों में भर्ती तत्काल की जाए।3-आउट सोर्स भर्ती तत्काल बंद की जाए।4-एस सी, एस टी छात्रों की छात्रवृत्ति का भुगतान समय पर की जाए।5. पुरानी पेंशन व्यवस्था तत्काल लागू की जाए।6. भूमि सुधार अधिनियम लागू किया जावे। 7. उच्च शिक्षा में विषय वार भर्तियां ना निकालकर कॉलेज वार रिक्तियां निकाली जाए। 8. चतुर्थ श्रेणी में नियमित भर्तियां की जाए। 9. निजी क्षेत्रों में आरक्षण व्यवस्था लागू की जाए। 10. पूजा स्थलों में आरक्षण प्रदान किया जाए। 11. सिविल सेवा भर्ती में 40त्न इंटरव्यू पास होना अनिवार्य नहीं रखा जाए। 12. शासकीय अधिवक्ता एवं नोटरी की नियुक्ति में आरक्षण नियम लागू किया जाए। 13. नगर निगम नगर पालिका में सफाई का ठेका पद्धति बंद किया जाए और नियमित कर्मचारी की नियुक्ति की जाए। 14. दैनिक वेतन भोगी आउटसोर्सिंग कंटेंजेनसी एजेंसी कर्मचारियों को नियमित किया जाए।15. अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग विशेबजट शत प्रतिशत हितग्राही मूलक बजट पर व्यय किया जाए16. अधिनियम 1994 रोस्टर व्यवस्था से नई भर्ती की जाए।इस मौके पर बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ एवं सामाजिक संगठन उपस्थित रहे।



# प्रेस क्लब छिंदवाड़ा ने किया वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान

# जिले के पत्रकार, देश के पत्रकारों से कम नहीं: नकुलनाथ

**सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट की सौगात दी, प्रेस क्लब के कार्यक्रम में सम्मिलित हुये सांसद एव कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले**










**गोविन्द्र चौरसिया**

**छिंदवाड़ा ।** जिले के युवा सांसद नकुलनाथ छिन्दवाड़ा प्रेस क्लब के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुये और वरिष्ठतम पत्रकार बंधुओं का शॉल श्रीफल से सम्मान कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रेस क्लब की ओर से सांसद नकुलनाथ को मेमोंटो भेंटकर सम्मान किया। सांसद नकुलनाथ ने खजरी रोड स्थित प्रेस क्लब के भवन व कॉन्फ्रेंस हॉल का अवलोकन किया इस दौरान प्रेस क्लब की नवगठित कार्यकारिणी के द्वारा सांसद नकुलनाथ के समक्ष बिल्डिंग की छत पर बैडमिंटन कोर्ट निर्माण का प्रस्ताव रखा जिसे स्वीकारते हुये सांसद नकुलनाथ ने कहा कि सांसद निधि के अलावा मैं व्यक्तिगत सहयोग प्रदान करुंगा जिससे सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण हो पायेगा और इससे प्रेस क्लब को आय भी होगी। सांसद नकुलनाथ ने प्रेस क्लब के आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समस्त वरिष्ठ पत्रकारों में कैलाश पाटनी, वरिष्ठ पत्रकार स्व. श्री सुनील श्रीवास्तव का सम्मान उनके बडे भाई प्रसून श्रीवास्तव ने ग्रहण किया, केशव साहू, वनराज जडेजा, गुणेन्द्र दुबे, नरेन्द्र जायसवाल का सम्मान उनके पुत्र प्रशांत जायसवाल ने ग्रहण, किया वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन पांडे, सचिव गिरीश लालवानी, पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष रत्नेश जैन, सुधीर दुबे, गोविंद चौरसिया व समस्त नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों ने सांसद का स्वागत किया। सांसद नकुलनाथ ने प्रेस क्लब की नवगठित कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुये कहा कि 12 वर्ष बाद प्रेस क्लब का निर्वाचन हुआ यह बड़ा लम्बा सफर भी है किन्तु खुशी की बात भी है। अपने सारगर्भित उदबोधन में उन्होंने कहा मेरी तो देश और प्रदेश के पत्रकारों से चर्चा होती रहती हैए किन्तु छिन्दवाड़ा जिले के चाहे पत्रकार हो या आम नागरिक सभी के सवाल करने का तरीका बड़ा अलग है उनकी सोच में बड़ा फर्क है जो उनके शब्दों में झलकता है। पत्रकार बंधुओं की लेखनी भी छाप छोड़ती है। हमारे छिन्दवाड़ा के पत्रकार देश के पत्रकारों से कहीं कम नहीं है। सांसद नकुलनाथ ने उपस्थित पत्रकार बंधुओं से आगे कहा कि मैं इस मंच से सिर्फ एक बात कहना चाहता हूं कि आप पत्रकार साथी जनता के सामने सच्चाई दिखायें। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहकेए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हारए,महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी कार्यवाहक अध्यक्ष गोविंद राय, गुरुचरण खरे, निगम अध्यक्ष सोनू मागो, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, जय सक्सेना सुरेश कपाले सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### पत्रकारों की जिम्मेदारी बढ़ी: कलेक्टर शीतला पटले

प्रेस क्लब के कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले ने कहा कि आज की पत्रकारिता काफी फास्ट हो गई है अब सोशल मीडिया भी आ गया है हर मिनट और सेकंड में समाचारों की जानकारी लगती रहती है। मीडिया को जनहित की बातें एवं समस्याओं को उजागर करना चाहिए एवं समाज को नई दिशा देना चाहिए, कार्यक्रम में एडीएम ओ.पी.सनोडिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके, निगम कमिश्नर राहुल सिंह, उपसंचालक कृषि जीतेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE
मध्यप्रदेश शासन
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव



# भव्य शुभारंभ



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022
मध्य प्रदेश
30 जनवरी – 11 फरवरी 2023

13 दिन
27 खेल
9 शहर
23 गेम वेन्यू
6000+ खिलाड़ी

**मुख्य अतिथि**
**शिवराज सिंह चौहान**
**मुख्यमंत्री**
मध्यप्रदेश

**विशिष्ट अतिथि**
**अनुराग सिंह ठाकुर**
**केंद्रीय मंत्री,** खेल और युवा कार्यक्रम,
सूचना एवं प्रसारण

**गरिमामयी उपस्थिति**

**निशिथ प्रामाणिक**
**केंद्रीय राज्य मंत्री**
खेल और युवा कार्यक्रम, गृह

**यशोधरा राजे सिंधिया**
**मंत्री,** खेल और युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा,
कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, म.प्र.

**शान, नीति मोहन, शिवमणि, अभिलिप्सा पांडा और अन्य जाने-माने कलाकारों के लाइव परफॉरमेंस और भव्य आयोजन का हिस्सा बनिये**

हिंदुस्तान का दिल धड़का दो!

**सोमवार, 30 जनवरी 2023 | सायं 6:00 बजे | तात्या टोपे नगर स्टेडियम, भोपाल**

सीधा प्रसारण
Disney+ hotstar
STAR SPORTS
DDMP
DD SPORTS
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

D-11213/22

खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी/2023